दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 18 जयपुर, बुधवार, 27 दिसंबर, 2023 | पौष, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### पांच दिन बाद मिलेगा प्रदेश को नया प्रशासनिक मुखिया: वर्तमान सीएस उषा शर्मा का 31 दिसंबर को पूरा हो रहा कार्यकाल

# बदलेगी पावर कॉरिडोर की तस्वीर, ACS स्तर के अफसर कतार में



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिलने के साथ ही अब नए मुख्य सचिव की तलाश भी तेज हो गई है। वर्तमान सीएस उषा शर्मा का कार्यकाल 31 दिसंबर को पूरा हो रहा है। 5 दिन बाद प्रदेश को नया प्रशासनिक मुखिया मिल जाएगा। ऐसे में अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को नए मुख्य सचिव का चुनाव करना है।

माना जा रहा है कि इस बार दिल्ली से ही मुख्य सचिव आएंगे। राजस्थान के टॉप 10 आईएएस में 5 अभी दिल्ली में काम कर रहे हैं। राजस्थान काडर में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के आईएएस शुभ्रा सिंह, संजय मल्होत्रा, वी. श्रीनिवासन, रोहित कुमार सिंह और रजत कुमार मिश्रा इस दौड़ में शामिल हैं। इनके अलावा राजेश्वर सिंह और सुधांश पंत का नाम भी सीएस के लिए भी चल रहा है।

### वर्तमान सीएस को जून, 2023 में मिला था एक्सटेंशन

वर्तमान सीएस उषा शर्मा को तत्कालीन गहलोत सरकार ने इसी साल जून माह में एक्सटेंशन दिया था। वे जून, 2023 में रिटायर हो रही थी। इसके बाद उन्हें 6 माह का एक्सटेंशन मिला था। ये छह माह इसी 31 दिसंबर को पूरे हो रहे हैं। ब्यूरोक्रेसी की सर्वोच्च कुर्सी के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के दर्जनभर आईएएस अधिकारी कतार में है। इस पद के प्रबल दावेदार 5 सीनियर आईएएस अफसरों में से 4 ऐसे हैं, जिनका गृह राज्य उत्तरप्रदेश है। अगर चयन का पैमाना वरिष्ठता रहा तो इस बात की प्रबल संभावना है कि राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी की कमान यूपी के किसी असफर के हाथ में हो। इनमें 1988 बैच के सुबोध अग्रवाल इलाहबाद से, 1989 बैच की शुभ्रा सिंह मेरठ से, राजेश्वर सिंह और रोहित कुमार सिंह भी वाराणसी से हैं।

**ये भी हैं दावेदार**

वी श्रीनिवास, शुभ्रा सिंह, राजेश्वर सिंह, रोहित कुमार सिंह, संजय मल्होत्रा, सुधांश पंत, अभय कुमार, रजत कुमार मिश्रा, तन्मय कुमार, सुबोध अग्रवाल, अखिल अरोड़ा, आलोक, अपर्णा अरोड़ा, शिखर अग्रवाल और संदीप वर्मा प्रदेश में सीएस की कतार में हैं।

### हर सरकार ने दोहराई नौकरशाही में बड़े बदलाव की परंपरा

नई सरकार बनने के बाद नौकरशाही बेड़े में बड़े बदलाव की होंगे। अब तक की परंपरा के अनुसार सरकार के शपथ लेते ही आईएएस की तबादला सूचियां जारी हो जाती है। 2013 में शपथ लेते ही वसुंधरा राजे ने पहले 8 और सप्ताहभर में ही 30 अफसरों को बदल दिया था। ऐसे ही 2018 में शपथ लेते ही अशोक गहलोत ने भी 40 अधिकारियों की जंबो तबादला सूची जारी की थी। वैसे भी मौजूदा पदस्थापन में करीब डेढ़ दर्जन आईएएस ऐसे हैं, जो दो साल से एक ही कुर्सी पर जमे हैं। संभवत: इनको भी इधर-उधर किया जाएगा। नई सरकार सीएस बनाने के साथ ही वित्त, गृह, बिजली और सीएमओ में नए अधिकारियों को जगह मिलेगी।

### नौकरशाही में पसंदीदा का ही रहा है दबदबा

सीएम के शपथ लेते ही इस बार सचिवालय के पॉवर कॉरिडोर की शक्ल बदल सकती है। करीब 25 वर्ष से या तो अशोक गहलोत या फिर वसुंधरा राजे ही मुख्यमंत्री बनती आई हैं। ऐसे में इतने लंबे समय से इनके पसंदीदा अफसरों का ही नौकरशाही में दबदबा कायम रहा था। अब भजनलाल नए चेहरे के तौर पर आए हैं। उन्होंने फिलहाल टी. रविकांत को अस्थायी तौर पर अपना सचिव बनाया है। अब मुख्य सचिव से लेकर वित्त, गृह, बिजली और मुख्यमंत्री सचिवालय में नए अधिकारियों को जगह मिल सकती है।

---

**जरूरी खबर**

### कोविड के 412 नए केस, तीन मरीजों की मौत



**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 412 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,170 हो गई है। उधर, कोरोना वायरस के उप-स्वरूप 'जेएन.1' के छह और मामले सामने आए हैं। इससे देश में ऐसे मामलों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ हो गई। देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से तीन लोगों की मौत हो गई।

### माउंट आबू में फिर जमाव बिंदु तक उतरा पारा

**जयपुर।** प्रदेश में एक बार फिर सर्दी थोड़ी तेज हो गई। हिल स्टेशन माउंट आबू में एक सप्ताह बाद वापस वादियों में बर्फ की हल्की परत जमी नजर आई। यहां बीती रात न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जयपुर, अजमेर, जोधपुर और जैसलमेर क्षेत्र में मंगलवार को सर्द हवा चलने से ठिठुरन रही। बाड़मेर में तापमान एक डिग्री सेल्सियस गिर गया। राजधानी जयपुर सुबह-सुबह हल्की धुंध रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मौसम साफ हो गया। जयपुर में न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उधर, घना कोहरा होने के कारण दिल्ली और अमृतसर आने वाली 13 फ्लाइट्स को जयपुर एयरपोर्ट उतारा गया।

(पेज 3 भी देखें)

---

### राजभवन में शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू!

# अब जल्द ही खत्म होंगी इंतजार की घड़ियां




बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में अब मंत्रिमंडल के विस्तार का इंतजार खत्म होने वाला है। संभावना जताई जा रही है कि बुधवार या गुरुवार को भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक राजभवन में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, भजनलाल सरकार में करीब 15 विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल किया जाएगा। कैबिनेट में युवाओं के साथ-साथ अनुभवी विधायकों को भी मौका दिया जा सकता है। उधर,भजन कैबिनेट के शपथ ग्रहण को लेकर राजभवन में तैयारियां चल रही हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार या गुरुवार तक मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई जा सकती है। हालांकि पार्टी के आला नेता इसको लेकर कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कुछ विधायकों को फोन भी किया गया है। मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जल्द ही इसकी सूचना दी जाएगी। इधर, सीएम भजनलाल शर्मा मंगलवार को श्रीकरणपुर विधानसभा के दौरे पर रहे। भजन कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सच बेधड़क ने जयपुर जिले के विधायकों से बात की। हालांकि विधायकों ने भी इसको लेकर अनभिज्ञता जाहिर की। जयपुर के बगरू विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने बताया कि उन्हें अभी तक इसकी कोई सूचना नहीं मिली है। हवामहल से विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि सरकार में मंत्रिमंडल का विस्तार एक दो दिन में हो सकता है। इधर, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अधिकतर विधायक जयपुर में ही ठहरे हुए हैं। कई विधायक सत्ता और संगठन के पास चक्कर भी लगा रहे हैं।

### सांसद से विधायक बने नेताओं को भी मौका संभव

पार्टी सूत्रों की मानें तो सांसद से विधायक बने नेताओं को भी मंत्री बनाया जा सकता है। सांसद से विधायक बनी दीया कुमारी को पार्टी ने उप मुख्यमंत्री बनाया है। इनके अलावा किरोड़ी लाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और बाबा बालकनाथ भी सांसद से विधायक बने हैं। इन्हें मंत्री बनाने की पूरी संभावना है। पहली बार विधायक बने नेताओं के अलावा महिला जनप्रतिनिधियों को मंत्रिमंडल में मौका दिया जा सकता है। ऐसे में महिला विधायकों को भी मंत्रिमंडल में जगह मिलने की पूरी उम्मीद है। दीया कुमारी को उप मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने अपने इरादे जता दिए हैं। अब अनिता भदेल, मंजू बाघमार, सिद्धि कुमारी जैसी वरिष्ठ विधायकों के साथ नौक्षम चौधरी, कल्पना देवी, दीप्ति किरन माहेश्वरी भी मंत्री बनने की दौड़ में शामिल है।

### गहलोत ने ओपीएस को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि बीजेपी सरकार बनने पर कांग्रेस सरकार की किसी योजना को बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन गत दिनों में राज्य सरकार द्वारा लिए गए फैसलों से राज्य के सरकारी कर्मचारियों के मन में ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर आशंकाएं पैदा हो गई हैं। केंद्रीय कर्मचारियों के मन में भी को लेकर चिंताएं हैं। प्रधानमंत्री एवं राज्य की बीजेपी सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि ओपीएस को लेकर उनकी क्या सोच है? केंद्र सरकार एवं अन्य राज्यों की सरकारों को कर्मचारियों की भावना के अनुरूप निर्णय करना चाहिए। गहलोत ने कहा कि हमारी शानदार स्कीमों को बंद न करने की गारंटी पूरी ना होने से जनता की नवनिर्वाचित सरकार से आस टूट गई है।



### विधानसभा अध्यक्ष ने की राज्यपाल से मुलाकात

*राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। अधिकारियों के अनुसार, देवनानी ने राजभवन में मिश्र से मुलाकात की। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि यह दोनों के बीच शिष्टाचार मुलाकात थी।*

---



फोटो: पंकज शर्मा

### रामलला घर आए... संग आए हनुमत बलबीरा

**जयपुर।** 'सच बेधड़क' मीडिया समूह के फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा अयोध्या से रामलला का अष्टधातु का सिद्ध विग्रह और बाल हनुमान विग्रह को पूजा-अर्चना के बाद मंगलवार शाम जयपुर स्थित 'सच बेधड़क' कार्यालय में लेकर आए।इस दौरान पूरा कार्यालय जय श्रीराम के जयकारों से गूंजायमान हो गया है। ■ पेज 9 भी देखें


---

### देर रात तक भी चल रहे हैं शहर में क्लब

# शराब पार्टी में किए कमेंट्स तो युवती को कार से कुचला

- जवाहर सर्किल इलाके के नामचीन क्लब में पार्टी करके आए थे चार दोस्त
- होटल के बाहर आवेश में युवती पर चढ़ाई कार, अस्पताल में मौत





बेधड़क | जयपुर

शराब पार्टी में आपत्तिजनक कमेंट्स करने के बाद युवक ने अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर परिचित युवक-युवती पर कार चढ़ाकर कुचल दिया। हादसे में युवती नीमच मध्यप्रदेश निवासी 25 वर्षीय उमा सुथार की मौत हो गई। घटना मालवीयनगर गिरधर मार्ग स्थित एक होटल के सामने मंगलवार तड़के करीब 5 बजे की है। सूचना पर जवाहर सर्किल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज लिए गए। इस मामले में मृतका के परिचित मूलतः झुंझुनूं निवासी राजकुमार जाट ने थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने आरोपी मंगेश अरोड़ा व श्रेया भारद्वाज के खिलाफ मामला दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है।

पड़ताल में सामने आया कि राजकुमार जाट व उमा सुथार टोंक रोड स्थित एक नामचीन क्लब में पार्टी में गए थे। वहां पर मंगेश व उसकी महिला मित्र श्रेया भारद्वाज भी मौजूद थी। चारों एक-दूसरे से परिचित थे। पार्टी में शराब के नशे में मंगेश व श्रेया ने उमा सुथार पर आपत्तिजनक कमेंट्स कर दिए थे। पार्टी के बाद राजकुमार व उमा गिरधर मार्ग स्थित एवरलैंड विश होटल आ गए। होटल के रेस्टोरेंट में वे दोनों खाना खाने बैठे थे। तभी वहां पर मंगेश व श्रेया भी आ गए और फिर से अभद्र टिप्पणी करने लगे। इसका राजकुमार व उमा ने विरोध किया, लेकिन दोनों नहीं माने तो राजकुमार व उमा होटल छोड़कर घर जाने के लिए बाहर आ गए। दोनों को देखकर मंगेश व श्रेया भी बाहर आ गए और धक्का मुक्की करने लगे। होटलकर्मियों ने बीच-बचाव किया और मंगेश व श्रेया को वहां से जाने का आग्रह किया। मंगेश व श्रेया कुछ दूरी पर खड़ी अपनी कार में बैठ गए और तेज रफ्तार में चलाकर सामने खड़ी उमा व राजकुमार पर चढ़ा दी। टक्कर से राजकुमार दूर जाकर गिर गया, जबकि उमा के ऊपर से गाड़ी निकल गई। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। जहां से दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उमा की मौत हो गई। सूचना पर जवाहर सर्किल थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

---

**नौसेना की एक ओर कामयाबी**

# हिंद महासागर में बढ़ी भारत की ताकत... INS इंफाल नौसेना में शामिल

एजेंसी | मुंबई

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच भारत की ताकत और मजबूत हो गई है। मंगलवार को आईएनएस इंफाल वॉरशिप भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। यह वॉरशिप ब्रह्मोस जैसे नए स्टील्थ गाइडेड मिसाइलों से लैस है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशंड किया। यह वॉरशिप नौसेना की पश्चिमी कमान में शामिल हुआ। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद रहे। रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इंफाल को बनाया है। आईएनएस इंफाल वॉरशिप सतह से सतह पर मार करने वाली 8 बराक और 16 ब्रह्मोस एंटीशिप मिसाइल, सर्विलांस रडार, 76 MM रैपिड माउंट गन, एंटी सबमरीन टॉरपीडो से लैस है।

### आईएनएस इंफाल का 75% हिस्सा पूरी तरह स्वदेशी

आईएनएस इंफाल के निर्माण में स्वदेशी स्टील डीएमआर 249A का इस्तेमाल किया गया है। इसका 75% हिस्सा पूरी तरह स्वदेशी है। आईएनएसइंफाल विशाखापत्तनम कैटेगरी के 4 डिस्ट्रॉयर्स में से तीसरा है, जिसे भारतीय नौसेना के इन-हाउस ऑर्गनाइजेशन वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है।



**535** फीट की लंबाई है INS इंफाल की।

**7400** टन है इसका वजन।

**56** किमी प्रति घंटा है वॉरशिप की रफ्तार।

**42** दिन समुद्र में रह सकता है INS इंफाल।

**300** नौसैनिक तैनात हो सकते हैं इसमें।

**32** बराक और 8 मिसाइलें हैं वॉरशिप में।

**16** ब्रह्मोस एंटी शिप मिसाइलों से भी लैस है यह।

### 20 अक्टूबर, 2023 को नौसेना को सौंपा गया था आईएनएस इंफाल

आईएनएस इंफाल की आधारशिला 19 मई, 2017 को रखी गई थी। आईएनएस इंफाल को पोर्ट और समुद्र में टेस्टिंग के बाद 20 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इंफाल पहला वॉरशिप है, जिसका नाम नॉर्थ ईस्ट के एक शहर पर रखा गया है। मणिपुर की राजधानी का नाम इंफाल है। राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल, 2019 को आईएनएस इंफाल नाम रखने की मंजूरी दी थी। आईएनएस इंफाल 28 अप्रैल, 2023 को अपने पहले समुद्री टेस्टिंग के लिए रवाना हुआ था। आईएनएस इंफाल से पहले भारतीय नौसेना में प्रोजेक्ट 15B के तहत बने आईएनएस विशाखापट्टनम को 21 नवंबर, 2021 और आईएनएस मर्मगाओ को 18 दिसंबर, 2022 को कमीशन किया गया था।

## जरूरी खबर

### विधानसभा अध्यक्ष से मिले पूर्व मंत्री सुभाष गर्ग



**बेधड़क, जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से पूर्व मंत्री व विधायक सुभाष गर्ग ने भी मंगलवार को यहां विधानसभा में शिष्टाचार मुलाकात की। गर्ग ने देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर अध्यक्ष बनने की बधाई दी। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मंगलवार को विधानसभा में विभिन्न संघों के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। जयपुर हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रमन लोहिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के दल ने देवनानी का साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया।

### राष्ट्रीय गोष्ठी में नई शिक्षा नीति पर दिया जोर

**बेधड़क, जयपुर।** शिक्षा संस्कृति न्यास नई दिल्ली द्वारा अग्रवाल पीजी महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय गोष्ठी में के राष्ट्रीय सचिव अतुल भाई कोठारी ने देशभर में नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले मुख्य वक्ता रहे। दत्तात्रेय ने अपने संबोधन में शिक्षा को राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने एवं मानव विकास योगदान देने वाली शिक्षा पर बल दिया। इस अवसर पर अतुल कोठारी जी द्वारा लिखित एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### व्याख्याता भर्ती परीक्षा स्थगित करने की मांग



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जनवरी में होने वाली कॉलेज व्याख्यता भर्ती स्थगित करने की मांग की जा रही है। स्टूडेंट्स की मांग के साथ-साथ अब भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से पत्र लिखकर परीक्षा स्थगित करने की मांग की है। जोधपुर के लूणी विधायक जोगाराम पटेल ने मांग सीएम को पत्र लिखकर आरपीएससी की प्रिंटिंग प्रेस की भूमिका प्रमाणित रूप से संदिग्ध होने से रोके जाए। वहीं कई पेपर माफिया भी राजीव गांधी स्टडी सर्किल से भी जुड़े हैं। ऐसे में उन्होंने कहा कि आगामी भर्ती में प्रश्नपत्रों और पेपर को लेकर कोई नई निति नहीं बनाई गई। ऐसे में भर्ती परीक्षा में रोक लगाने की मांग की है।

---

**राजीव गांधी युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम बंद करने पर** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने की प्रदेश भाजपा सरकार की आलोचना

# मंत्रिमंडल गठन में देरी से खुद को ठगा सा महसूस कर रही जनता

**बेधड़क | जयपुर**

■ विधानसभा सत्र से पहले हो जाएगी नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान में मंत्रिमंडल का गठन नहीं होने को लेकर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम बंद करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की।

डोटासरा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश में 25 दिन बाद भी इनसे (भाजपा) मंत्रिमंडल नहीं बना और मुख्यमंत्री कार्यालय में अधिकारी तक नहीं लगे हैं। सरकार एवं मुख्यमंत्री कार्यालय को कौन चलाएगा यह 25 दिन बाद भी समझ से परे है। राजस्थान की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है कि ये हो क्या रहा है। मंत्रिमंडल गठित क्यों नहीं हो रहा। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद कह रहे हैं कि जल्द ही गठित होगा लेकिन इस जल्दी का मतलब क्या मानें। उनको स्पष्ट करना चाहिए, अपराध पर अंकुश लगाना चाहिए। रातूसर में दलित हत्याकांड के आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए व राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम को दुबारा शुरू किया जाए भले ही सरकार इसका नाम बदल दे। उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ। इसका परिणाम तीन दिसंबर को आया। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उसके बाद अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं किया गया है।

### चूरू घटना को लेकर घेरा

चूरू जिले में चार-पांच लोगों ने केबल चोरी के संदेह में रविवार को दो दलित युवकों से मारपीट की। इनमें से एक बाद में मौत हो गई। इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए डोटासरा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में अपराधों को लेकर बहुत सी बातें की और तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर अनेक तोहमत लगाए, लेकिन इस मामले में नामजद आरोपी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। कांग्रेस के "डोनेट फॉर देश' महाअभियान का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान सभी राज्यों में नंबर पर दो पर हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इसमें अधिक से अधिक योगदान करने की अपील की। एक सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की घोषणा 19 जनवरी को विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले ही कर दी जाएगी।

### दिल्ली से चल रही प्रदेश सरकार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा की नई सरकार और उसकी योजनाओं को लेकर कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। सरकार स्वयं कोई निर्णय नहीं ले सकती वह केवल दिल्ली से आए आदेशों का पालन कर रही है। डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की वर्तमान सरकार दिल्ली से आए आदेशों पर चल रही है। डोटासरा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में ही ये मालूम हो चुका है कि मुख्यमंत्री स्वयं कोई निर्णय नहीं ले सकते हैं। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण के इतने दिन बाद भी अब तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो पाया है।

---

**करणपुर चुनाव:** मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

# जनता से किए गए वादों को पूरा करेगी सरकार

■ पांच जनवरी को होना है मतदान, प्रचार में जुटी भाजपा

■ सीएम भजनलाल शर्मा ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री मंगलवार को करणपुर विधानसभा के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह के समर्थन में सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा घोषणा पत्र में किए गए वादों को जल्द पूरा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को विधानसभा का चुनाव होना है।

यहां कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव टल गया था। फिलहाल करणपुर के चुनाव के लिए प्रचार का दौर जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करणपुर में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने इलाके की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया और पूर्व सरकार पर जमकर निशाने साधे।



### वीर बाल दिवस पर सीएम ने गुरुद्वारा में टेका मत्था



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में राजापार्क स्थित श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा पहुंचे। शर्मा ने इस दौरान श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में मत्था टेका और देश व प्रदेश में शांति, सद्भाव और अमन के लिए अरदास की। शर्मा ने कहा कि आज गुरू गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के असाधारण साहस और बलिदान को याद करने का दिन है। माता गुजरी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और साहिबजादों की बहादुरी और आदर्शों ने लाखों लोगों को ताकत दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में सभी धर्मों की अच्छी बातों का समावेश है और सिख समुदाय प्राणीमात्र के कल्याण के लिए समर्पित है। इस दौरान गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने सीएम को श्री गुरू गोबिंद सिंह एवं साहिबजादों की तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सराफ, सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

### पेपर लीक और महिला सुरक्षा पर भी घेरा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया। पिछली सरकार में ढेरों पेपर लीक हुए जिसका खामियाजा युवा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लेकर घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। इसके साथ-साथ महिला सुरक्षा पर भी बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के नेता कहते थे कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है लेकिन उन्होंने महिला सुरक्षा पर कभी काम नहीं किया।

### घोषणा पत्र को करेंगे पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार में कार्यकर्ता का सम्मान होता है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जनता से जो वायदे संकल्प पत्र बनाने के समय किए थे उन्हें पूरा किया जाएगा। जल्द ही मोदी सरकार किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी करने जा रही है, भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभा को सभा को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, सांसद निहालचंद, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, एससी मोर्चा के कैलाश मेघवाल ने भी संबोधित किया। मंच पर सादुलशहर के विधायक गुरवीर बराड़ और जयदीप बिहानी ने भी अपने-अपने इलाके की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

### क्षेत्र की समस्याओं पर किया फोकस

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चुनावी सभा के दौरान अपने संबोधन में कहा कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ दोनों जिले राजस्थान में कृषि के क्षेत्र में अग्रणी हैं। ऐसे में यहां की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के किसानों की मुख्य समस्या सिंचाई पानी है और भाजपा की सरकार फिरोजपुर फीडर की डीपीआर का प्राथमिकता से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि इस जिले में नशे की बहुत बड़ी समस्या है और इसके लिए अलग से योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। यहां के युवाओं को इस दलदल में भटकने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कच्चे खालों को पक्का करने का काम भी किया जाएगा।

---

**सिविल लाइन्स विधायक** डॉ.गोपाल शर्मा हुए शामिल

# नौ दिवसीय नव कुंडात्मक श्रीराम कथा महायज्ञ संपन्न

■ दहमी खुर्द स्थित देवलिया हरध्यानपुरा में हुआ आयोजन

**बेधड़क | जयपुर**



गुरु दत्तात्रेय स्वरूपाय साध बाबा के पाटोत्सव के उपलक्ष में नौ दिवसीय नव कुंडात्मक श्रीराम कथा महायज्ञ आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन दहमी खुर्द स्थित देवलिया हरध्यानपुरा में साध बाबा की तपोस्थली पर हुआ।

इस कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक डॉ.गोपाल शर्मा भी शामिल हुए और उन्होंने राम कथा वाचक पंडित श्रीकृष्ण स्वरूप का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में राम नाम का महत्व बताया। गोपाल शर्मा ने कहा कि रमन्ते योगिनो अस्मिनीति रामयः जो रोम रोम में बसा हो वह राम है। उन्होंने कहा कि इस भव सागर को राम का नाम ही पार लगा सकता है। राम नाम से बड़ा कोई मूल मंत्र इस कलियुग में नहीं है। राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे, सहस्त्रनाम ततुल्यम राम नाम वरानने। अर्थात राम के नाम को महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि राम का नाम मनोरम है और अपने आप में कई हजार जपों के बराबर है। इसलिए इस कलियुग में राम का नाम सर्वोपरि है, इसका जप करते रहिए और अपने कर्म को करते रहिए। 18 से 26 दिसंबर तक हुए इस नौ कुंडीय श्रीराम कथा महायज्ञ की पूर्णाहूति मंगलवार को हुई। इस मौके पर यज्ञाचार्य पण्डित सत्यनारायण शर्मा और निर्भय पीठाधीश्वर गोस्वामी संत शंकरपुरी महाराज भी मौजूद रहे।


---

**राष्ट्रीय परियोजना घोषित** होने की उम्मीद

# ईआरसीपी को लेकर अहम बैठक आज, बड़ा फैसला संभव

**रामनिवास मीना ने कहा- जल्द मिल सकती है सौगात**

**बेधड़क | जयपुर**



पूर्वी राजस्थान के लिए लाइफ लाइन माने जाने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर जल शक्ति मंत्रालय ने 27 दिसंबर को नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है।

इस बैठक में राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ ईआरसीपी से जुड़े दोनो प्रदेशों के प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे। ईआरसीपी के लिए पूर्वी राजस्थान में बड़ी लड़ाई लड़ने वाले किसान नेता रामनिवास मीना ने इस बैठक को पूर्वी राजस्थान के लिए अति महत्वपूर्ण बताते हुए ईआरसीपी के शीघ्र राष्ट्रीय परियोजना घोषित होने की उम्मीद जताई है। किसान नेता रामनिवास मीना ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले वे केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मिले और ईआरसीपी की मांग रखते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। उस दौरान उन्हें केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने सकारात्मक रुख दिखाया और उनके निवेदन पर ईआरसीपी को भाजपा के संकल्प पत्र में प्रमुख स्थान दिया है। राजस्थान भाजपा के संकल्प पत्र में पेज 9 और 19 पर ईआरसीपी को केन्द्र सरकार से मिलकर समयबद्ध तरीके से पूरा करने का उल्लेख किया गया है। रामनिवास मीना ने कहा है कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह ईआरसीपी के प्रति पूरी तरह गंभीर है।

27 दिसंबर को नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से बुलाई गई बैठक में ईआरसीपी को लेकर राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच आ रही अड़चनों को दूर किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पूर्वी राजस्थान को शीघ्र ही ईआरसीपी की बड़ी सौगात मिलेगी, जिससे पूर्वी राजस्थान के विकास के द्वार खुल जाएंगे।

---

**भर्ती रद्द करने पर गरमाई सियासत**

# डोटासरा ने पंचायत सहायकों को कहा था भाजपा का एजेंट: पटेल

**बेधड़क | जयपुर**

■ भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती को किया रद्द




प्रदेश भाजपा सरकार कांग्रेस सरकार में हुई महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों भर्तियां रद्द कर दी हैं। इस पर पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि जब हमारी 2018 में कांग्रेस सरकार बनी थी, तब भाजपा सरकार में हुई पंचायत सहायक की संविदा भर्ती को रद्द नहीं किया गया था।

डोटासरा के इस बयान को लेकर पंचायत और विद्यालय सहायकों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने पंचायत सहायकों को कांग्रेस सरकार में स्थाई करने की बात कही थी। उनके बयान पर संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के नेता रामजीत पटेल ने कहा कि शायद डोटासरा भूल गए कि चुनाव पूर्व उन्होंने पंचायत सहायकों को भाजपा का एजेंट कहा था। इसका परिणाम उनके सामने है। दोबारा उस बात को दोहराने का मतलब लोकसभा चुनाव में भी सूपड़ा साफ होगा। राजस्थान से कांग्रेस चाहती है क्योंकि पंचायत सहायकों को स्थायी तो दूर की बात केवल संविदा से संविदा में रखने मात्र को स्थाई कहकर उनके ऊपर जले पर नमक छिड़कने के समान है।

पटेल ने कहा पहले भी 14 वर्षो में विद्यार्थी मित्रों को सरकारों ने कई बार घर बैठा दिया था लेकिन इस प्रकार की सियासत और झूठ की राजनीति कभी नहीं देखी। अब पंचायत सहायकों को उम्मीद है भाजपा सरकार ही उनकी नैया पार लगाएगी।

### शांति और अहिंसा विभाग ने जारी किए आदेश

भाजपा सरकार ने राजीव गांधी युवा मित्र की 2 हजार पदों पर हुई भर्ती को 31 दिसंबर से तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। यह युवा मित्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। वहीं मंगलवार को सरकार ने एक और बड़ा फैसला बदलते हुए 50 हजार पदों पर होने वाली महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती को रद्द कर दिया है। शांति और अहिंसा विभाग ने भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रेरक भर्ती रद्द करने पर प्रदेश की सियासत भी गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत सहित कई कांग्रेस नेताओं भाजपा पर जुबानी हमला बोला। पीसीसी चीफ डोटासरा ने तो यहां तक कह दिया कि गोडसे को मानने वाले गांधी को कैसे मानेंगे। गौरतलब हैं कि कांग्रेस सरकार ने साल 2023-24 के बजट में तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत ने 50 हजार पदों पर महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती करने की घोषणा की थी। इस बजट घोषणा के आधार पर शांति और अहिंसा विभाग ने 13 अगस्त को संविदा आधार पर एक साल के लिए भर्ती करने के लिए विज्ञप्ति जारी की थी। प्रेरकों को हर महीने 4500 रुपए का स्टाइपेंड दिया जाना था।

### हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक

महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की नियुक्ति पर सितंबर 2023 में जोधपुर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने सरकार को भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की तो छूट दी थी, लेकिन नियुक्ति पत्र जारी करने पर रोक थी। इसी बीच आचार संहिता लग गई। नई सरकार ने अब भर्ती को रद्द कर दिया है। चुनावी साल में भर्ती करने पर भाजपा ने सवाल उठाए थे। लच्छीराम और अन्य ने याचिका में आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में एक साल के लिए अस्थायी नियुक्तियों के आवेदन मांगे, जो नियुक्ति के विधिक प्रावधानों का उल्लंघन और पैसे का दुरुपयोग करना है।

## जरूरी खबर

### जेडीए ने दो अवैध दुकानों को किया ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को जोन 11 में कृषि भूमि पर बनी दो अवैध दुकान को ध्वस्त किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धमेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जोन 11 के नेवता में 250 वर्ग गज में कृषि भूमि पर बिना जेडीए की अनुमति से दो दुकानों का निर्माण किया जा रहा था, इस पर प्रवर्तन शाखा ने जेसीबी और मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

### व्यापारियों से 1,81,200 रु. कैरिंग चार्ज वसूला




**जयपुर।** हेरिटेज निगम के स्वास्थ्य दस्ते ने उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद के निर्देशन में पॉलिथीन, कचरा और गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 1,81,200 कैरिंग चार्ज वसूल किया है। हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि हेरिटेज निगम टीम जयपुर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिससे जयपुर शहर को स्वच्छता की श्रेणी में अग्रणी स्थान पर लाया जा सके। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि जयपुर शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कोई भी दुकानदार, व्यापारी पॉलिथीन उत्पाद का वितरण नहीं करे और सड़कों पर कचरा, गंदगी आदि ना फैलाएं अन्यथा भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**नेक्सा एवरग्रीन कंपनी के 2700 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में 11 महीने बाद भी कार्रवाई नहीं**

# टंकी पर चढ़े नौ लोग, आश्वासन मिला तो सात घंटे बाद उतरे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नेक्सा एवरग्रीन कंपनी के 2700 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में पिछले 11 महीने से कार्रवाई नहीं होने से 9 पीड़ित लोग सहकार मार्ग स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। करीब सात घंटे की समझाइश और पुलिस के उच्च अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद पीड़ित लोग पानी की टंकी से नीचे उतरे। ज्योति नगर थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि सहकार मार्ग पर स्थित पानी की टंकी पर नौ लोग चढ़ गए हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। इस पर तुरंत वे दल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। टंकी पर चढे लोगों से बात कर समझाइश की कोशिश की। पानी की टंकी पर चढ़े मुकेश ने बताया ने बताया कि उनके साथ हुई 2700 करोड़ रुपए की ठगी मामले को 11 महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया और उनके पैसे नहीं दिलवाए। ऐसे में आरोपी को पकड़ने और पैसे वापस दिलवाने के बाद ही वे टंकी से नीचे उतरेंगे। मामले में पुलिस की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।



### शुरू में दिए पैसे, फिर बंद किया ऑफिस

पीड़ित बुद्धिप्रकाश जोशी ने बताया कि नेक्सा एवरग्रीन ने लोगों को पीएम की फोटो दिखाकर सरकारी प्रोजेक्ट और जमीनों पर पैसा लगाने के लिए राजस्थान में सात ऑफिस खोले थे। अधिकतर अधिकारी आर्मी से रिटायर्ड थे। ऐसे में लगा कि ये लोग तो फर्जीवाड़ा नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि यह कंपनी राजस्थान में वर्ष 2018-19 में आई और ठगी कर फरार हो गई। जनवरी 2023 से कंपनी ने पैसा देना बंद किया।

### अनुसंधान अधिकारियों को किया तलब

नेक्सा एवरग्रीन ठगी के मामलों को लेकर पीड़ितों के पानी की टंकी पर चढ़ने के बाद एडीजी क्राइम दिनेश एमएन सख्त हो गए हैं। उन्होंने कंपनी के खिलाफ पूरे प्रदेश में 150 से अधिक ठगी के प्रकरणों में जांच कर रहे अनुसंधान अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय तलब किया है। इस संबंध में एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बुधवार को सभी अनुसंधान अधिकारियों को अब तक की कार्रवाई के दस्तावेजों के साथ मुख्यालय बुलाया है।

### ये है मामला

नेक्सा एवरग्रीन कंपनी ने गुजरात के धोलेरा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। ऐसे में ठगों के बहकावे में आकर लोग जाल में फंसते चले गए थे। करीब 10 महीने में 70 हजार से ज्यादा लोगों को शिकार बनाया गया और 2700 करोड़ ठग लिए थे। इसके मालिक सीकर के पनलावा निवासी सुभाष बिजारणियां और रणवीर बिजारणियां हैं। आरोपी सुभाष सेना से रिटायर्ड है। उसने 35 से ज्यादा शहरों में दफ्तर खोल रखे थे। यह कंपनी रियल एस्टेट एक्टिविटी के लिए रजिस्टर्ड कराई गई थी।

**कोरोना से बचाव के लिए एसएमएस सहित अन्य अस्पतालों में मॉकड्रिल**

# कोविड संक्रमितों के लिए डेडिकेटेड वार्ड और क्रिटिकल केयर एंबुलेंस

**बेधड़क** | जयपुर

कोरोना के सब वेरिएंट जेएन 1 के संक्रमण से बचाने को लेकर देश भर के साथ-साथ मंगलवार को राजधानी के अस्पतालों में भी मॉकड्रिल की गई और व्यवस्थाओं को जांचा गया।

एसएमएस अस्पताल समेत सभी चिकित्सा संस्थानों में सुबह करीब 11:15 बजे मॉकड्रिल की शुरुआत हुई। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट, बेड व दवाइयां और उपकरण जांचे गए। एसएमएस अस्पताल में अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा सहित डॉक्टर्स की टीम विभागीय अधिकारियों और सीएमएचओ टीम की ओर से निरीक्षण किया गया। डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि कोविड के लिए अस्पताल में अलग से एडवांस क्रिटिकल केयर एंबुलेंस तैयार की गई है, जो केवल कोविड पॉजिटिव मरीजों को लाने या रेफर करने के काम आएगी।

### ऑक्सीजन प्लांट, बेड व दवाइयों की उपलब्धता और उपकरण जांचे


फोटो: पंकज शर्मा

### जिले में भी देखी गई व्यवस्थाएं

इधर, सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार की ओर से मॉकड्रिल को लेकर जिले के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फौजदार ने बताया कि इस दौरान उप जिला अस्पताल जमवारामगढ़ के चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध बैड, एम्बुलेंस उपकरण, दवाएं एवं मैन पावर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संकल्प यात्रा के दौरान उपस्वास्थ्य केंद्र भावनी में आयोजित किए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हैल्थ मेले का निरीक्षण भी किया।

### ऑक्सीजन प्लांट एक्टिव

शर्मा ने बताया कि अस्पताल में सभी ऑक्सीजन प्लांट एक्टिव हैं। करीब 900 मेट्रिक टन के तीन से ज्यादा प्लांट लगे हुए हैं। इसके अलावा एक बड़ा प्लांट लगाया गया है, जो आईपीडी टावर के शुरू होने के बाद रन किया जाएगा। साथ ही दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक है। संक्रमित मरीजों के लिए एक डेडिकेटेड वार्ड भी कोविड मरीजों के लिए बनाया है। साथ ही एक वार्ड, एक सेमी आईसीयू और एक आईसीयू कोरोना के मद्देनजर सेपरेट किए गए हैं। दवाइयों के स्टॉक में बेसिक दवाएं एंटीबायोटिक, एंटी एलर्जिक, एंटीवायरल ड्रग और कफ सिरप की जांच की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईपीडी में जो मरीज से भर्ती हैं, उनके सिमटम्स आने पर उनकी भी जांच की जा रही है।

### नए वैरियंट का अब तक एक भी केस नहीं

उन्होंने बताया कि अस्पताल के पास दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक है। हालांकि, राजस्थान में कोविड के केस बढ़ रहे हैं, लेकिन कोरोना के ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट जेएन.1 का एक भी केस अब तक सामने नहीं आया है। कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ रहे हैं, उनके सैंपल को जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भी भेजा जा रहा है, हालांकि किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कोरोना के 3 नए मामले आए सामने

प्रदेश में मंगलवार को कोरोना संक्रमितों के तीन नए मामले सामने आए। अजमेर, जयपुर और सीकर में एक-एक मामले सामने आए। प्रदेश में अब तक कुल 28 एक्टिव हो गए।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर**

## जनकल्याणकारी योजनाओं में सैकड़ों लोगों ने कराया पंजीकरण



**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा- 2023 के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए हेरिटेज निगम के सिविल लाईन जोन में दो शिविर आयोजित किये गए। हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को सिविल लाईन जोन में दो शिविर दूध मंडी नियर बस स्टैंड व गुलाब गार्डन बड़ोदिया बस्ती में आयोजित किए गए। शिविरों के दौरान पीएम स्वनिधि योजना में 100, उज्जवला योजना में 300, आधार कार्ड योजना में 117, जन औषधि में 106 पंजीयन हुए। ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में तिलक नगर सामुदायिक केन्द्र एलबीएस कॉलोनी के पीछे और राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल आदर्श नगर पंचवटी सर्किल में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में तिलक नगर सामुदायिक केन्द्र में 400 से भी अधिक लोग लाभान्वित हुए और राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल आदर्श नगर पंचवटी सर्किल में 800 से भी अधिक लोग लाभान्वित हुए। बुधवार को मालवीय नगर जोन में शहीद अमित भारद्वाज स्मृति उद्यान, मालवीय नगर वार्ड संख्या 130, सामुदायिक केन्द्र, बी-ब्लॉक करधनी मालवीय नगर (जयपुर विकास प्राधिकरण) वार्ड संख्या 131 में कैंप लगवाए जाएंगे। गुरुवार को सामुदायिक केन्द्र सेक्टर 3 पार्षद कार्यालय के पास, पार्षद कार्यालय वार्ड नं. 132 अपेक्स सर्किल पर कैंप लगवाए जाएंगे।

**11 फ्लाइट्स जयपुर उतारीं, यात्रियों ने किया हंगामा**

## कोहरे ने थामी फ्लाइट्स की रफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर भारत में घने कोहरे से वाहनों और विमानों की रफ्तार थम सी गई। दृश्यता कम होने से मंगलवार को दिल्ली व अमृतसर से आने वाली फ्लाइट्स को सांगानेर एयरपोर्ट पर उतारा गया। ये फ्लाइट्स मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु व दिल्ली जा रही थीं। जयपुर से अहमदाबाद और पंतनगर (उत्तराखंड) जाने वाली फ्लाइट्स अचानक निरस्त होने पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया।




यहां उतारे जाने वाली फ्लाइट्स में स्पाइसजेट की बेंगलुरु से दिल्ली आ रही फ्लाइट SG-204, एयर इंडिया की अहमदाबाद-दिल्ली AI-818, स्पाइसजेट की हैदराबाद-दिल्ली SG-160, एयर इंडिया की बेंगलुरु-दिल्ली AI-513, इंडिगो की लखनऊ-दिल्ली 6E-2108, एयर इंडिया की भोपाल-दिल्ली AI-436, अकासा एयर की अहमदाबाद-दिल्ली QP-1145, अकासा एयर की बेंगलुरु-दिल्ली QP-1359, एयर इंडिया की दमाम-दिल्ली AI-914, दुबई से अमृतसर जा रही स्पाइसजेट की SG-56, विस्तारा की पुणे-दिल्ली UK-972 और क्विकजेट की मुंबई से दिल्ली जा रही कार्गो फ्लाइट शामिल है।

**नगर कीर्तन में गुरु गोबिन्द सिंहजी के परिवार को दी श्रद्धांजलि**

## सत्य की राह पर अडिग रहने का संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

गुरु गोबिंद सिंहजी के साहिबजादों व माताजी की शहादत को श्रद्धांजलि देने और जन समूह को संदेश देने के लिए नौजवान सिक्ख सेवा दल के सहयोग से नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

सुखमनी सेवा सोसायटी बनीपार्क के सदस्यों ने हिस्सा लिया। लगभग 35 बच्चे साहिबजादों की तरह तैयार होकर शहादत से संबंधित बैनर और तख्तियां लेकर आए, जिनमें चित्रों और स्लोगन के माध्यम से शहादतों को दर्शाया गया था। गुरु गोबिन्द सिंह जी के संदेश 'इन पुतरन के सीस पर वार दिए सुत चार, चार मुए तो क्या भया, जीवित कई हजार को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान बच्चों ने 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारे लगाए। सोसायटी ने मोबाइल होर्डिंग द्वारा भी शहादत का संदेश प्रदर्शित किया। नगर कीर्तन का उद्देश्य गुरु गोबिन्द सिंहजी के परिवार की शहादत को श्रद्धांजलि देना व जन समूह को चेतना देना है कि गुरुजी के बताए मार्ग पर चलें और साहिबजादों के समान सत्य की राह पर अडिग रहें। सोसायटी की पिंकी सिंह ने बताया कि पाठ ग्रुप अपणी मेहर कर के सदस्यों ने शहादत को समर्पित जपुजी साहिब सलोक महला 9 व चोपई साहिब के पाठ किए।



**पौष माह का शुभारंभ**

# ठाकुरजी की आज से बदलेगी दिनचर्या, लगेगा पौष बड़ों का भोग

**बेधड़क** | जयपुर

सर्वार्थ सिद्धि योग में बुधवार से भगवान सूर्यनारायण की आराधना का महीना पौष शुरू हो गया है। इसके साथ ही ठाकुर जी की दिनचर्या भी बदल गई है। इस दौरान मंदिरों में भगवान को गर्म वस्त्र पहनाए गए।

भोग में गर्म तासीर के व्यंजन शामिल किए जाएंगे। पौष महीने में पड़ने वाली सर्दी को देखते हुए ठाकुर जी को पौष के पूरे महीने में गर्मा-गर्म खिचड़ा, हलवा, दाल के बड़ों, शक्कर, गुड़, केसरिया दूध का भोग लगाया जाएगा। घरों में भी भक्त अपने आराध्य को गर्मा-गर्म हलवे, खिचड़ी और दाल के बड़ों का भोग लगाएंगे। वहीं, शहर में प्रमुख मंदिरों सहित कई जगहों पर पौष बड़ों का बड़ा आयोजन होगा। मंदिरों में भी भक्तों को अन्नकुट महोत्सव की तरह दौना प्रसादी की जाएगी।





### सरस निकुंज में होंगे विशेष आयोजन

पानों का दरीबा स्थित सरस निकुंज में पौष माह में अनंत श्री विभूषित सतगुरु श्री रसिक माधुरी शरण जी महाराज का 125 वीं जन्म जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। सरस निकुंज के प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि महोत्सव का आयोजन 19 से शुरू होकर 31 तक किया जाएगा। बुधवार को बधाई गान और सम्पूर्ण रात्रि गुरु महिमा का गायन किया जाएगा। नए साल से राम कथा बरसाना धाम अजमेर रोड पर होगी। वृंदावन से आई विशेष मंडली द्वारा 29, 30 और 31 दिसंबर को विशेष रासलीला का आयोजन किया जाएगा।

### ठाकुरजी के लिए रखे अंगीठी-हीटर

पौष कृष्ण पक्ष प्रतिपदा बुधवार को पौष माह का पहला दिन शुरू हो जाएगा। प्राचीन गोपीनाथजी मंदिर और रामचंद्रजी मंदिर में ठाकुरजी को दाल के बड़ों, हलवा और पौष खीचड़ा का भोग लगाया जाएगा। वहीं, कड़ाके की सर्दी पड़ने के कारण मंदिरों में ठाकुरजी को अंगीठी-हीटर से तपाया जा रहा है। रजाई से बनी पोशाक पहनाई गई है। पहले पखवाड़े में सभी मंदिरों में मेवा मिश्रित खीचड़े का भोग लगेगा। खीचड़े में सभी प्रकार के मोटे अनाजों का उपयोग होगा। दूसरे पखवाड़े में सूजी के हलवे के साथ चोले की दाल के गर्मागर्म बड़ों का भोग लगेगा। सरस निकुंज में भी ठाकुर जी को गर्म व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

### नहीं होंगे मांगलिक कार्य

मलमास के कारण 14 जनवरी तक मांगलिक और शुभ कार्य नहीं होंगे। सिर्फ भगवान की पूजा अर्चना ही होगी। इस माह भागवत व राम कथा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी। मान्यता है कि पौष माह में कथा श्रवण करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। संक्रांति तक शहर में 15 से अधिक स्थानों पर भागवत कथा, रामकथा, नानीबाई बाई का मायरा के आयोजन जमकर होंगे

### यहां होता है लक्खी पौष बड़ों का आयोजन

कदम डूंगरी, बंगाली बाबा आश्रम, घाट के बालाजी, डबल शंकर महादेव मंदिर और पतासी वालों की बगीची में हर साल लक्खी पौष बड़ों का आयोजन होता आया है। यहां एक लाख से अधिक लोग प्रसादी जीमते हैं। इसके अलावा खंडेलवाल समाज, अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, सिंधी समाज सहित सभी समाजों की ओर से भी पौष बड़ों के भव्य आयोजन होते हैं।

## जरूरी खबर

### पायलट को AICC महासचिव बनाने पर जताई खुशी



**चूरू।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ राज्य का प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर गोविंद महनसरिया के नेतृत्व में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि पायलट को जिम्मेदारी देने से कांग्रेस मजबूत होगी। वे लाखों-करोड़ों युवाओं के हृदय सम्राट हैं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मोहम्मद हुसैन निरवान, पार्षद हाजी अली सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### मंत्रिमंडल का गठन जल्द, सबकी होगी भागीदारी: गुर्जर

**टोंक।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका सिंह गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में मंत्रिमंडल का गठन बहुत जल्दी हो जाएगा, जिसमें सबकी भागीदारी होगी। राजस्थान की सरकार वास्तव में जनता की सरकार होगी। यह लोगों के हित का कार्य करेगी। यह बात उन्होंने मंगलवार को पीपलू में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा तुष्टीकरण की नहीं, संतुष्टिकरण की राजनीति करती है। वर्ग भेद करके अपनी राजनीति चमकाना, समाज में विभेदकारी राजनीति करना यह कांग्रेस का काम है।

### राजीव गांधी युवा मित्रों को हटाए जाने का विरोध



**अलवर।** आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय की ओर से इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत 2022 में लगाए गए राजीव गांधी युवा मित्रों को हटाने के आदेश हो गए हैं। इसके विरोध में मंगलवार को कंपनी बाग में अलवर के युवा मित्र एकत्रित हुए और विरोध प्रदर्शन कर युवा मित्रों की सेवा बरकरार रखने की मांग उठाई। विरोध जताने पहुंचे युवा मित्रों का कहना है कि कांग्रेस सरकार ने 5 हजार युवा मित्र लगाए थे। अब भाजपा सरकार आते ही उनको हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इससे प्रदेश में 5 हजार युवा बेरोजगार हो गए हैं। जिसमें अलवर में 233 युवा मित्र लगाए थे। जिनमें से करीब 50 महिलाएं शामिल हैं।

## पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के शिल्पग्राम उत्सव में नृत्य-गीत-संगीत की बही त्रिवेणी

# ओडिसी नृत्य में निर्वाण का आध्यात्मिक आभास

**बेधड़क । उदयपुर**

विज्ञान भैरव तंत्र में भगवान शिव ने शक्ति के निर्वाण (मोक्ष) संबंधी प्रश्नों का सीधे उत्तर नहीं देकर नृत्याभिव्यक्ति से उसकी विधि बताई, जो केवल अध्यात्म के मार्ग से ही समझी जा सकती है। मिथक है कि गौतम बुद्ध ने निर्वाण की विधि बताई थी, जबकि वास्तव में शिव ने बुद्ध से भी हजारों वर्ष पूर्व शक्ति के प्रश्नों के उत्तर में 112 विधियां प्रतिपादित कर दी थीं, जो विज्ञान भैरव तंत्र कही गई। इसी तंत्र के अंतर्गत छह विधियां नृत्य के माध्यम से दिल को छू लेने वाली भाव-भंगिमाओं के साथ जिया नाथ और सनातन चक्रवर्ती ने पूरी शिद्दत से उकेरी। यह प्रस्तुति पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर के शिल्पग्राम उत्सव में मंगलवार को दी गई। दरअसल, ओडिसी आधारित इस डांस में जो छह विधियां प्रयुक्त की गईं, उनमें भैरव, भैरवी को आध्यात्मिक अभिव्यक्ति से यह संदेश देते हैं कि दो सांसों यानी एक ली गई और छोड़ी गई सांस के बीच एक अंतराल है, उसमें जो सन्नाटा या शून्य है, वही ब्रह्मांड है। सीधे शब्दों में समझें तो जैसे झरने के उतरने और स्रोत में गिरने के बीच के अंतराल में जो शून्य है, वही यूनिवर्स है।

### ■ 'दो सांसों के बीच-शून्य में स्थित है संपूर्ण ब्रह्मांड'



### सम्मानित किए गए कलाकार

सभी परफोरमेंस के बाद पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता सहित अन्य अितथियों ने पोर्टफोलियो प्रदान किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### ■ विज्ञान भैरव तंत्र पर आधारित नृत्य में जिया बनीं शक्ति और सनातन बने शिव

### अविस्मरणीय बन गई परफोरमेंस



अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि प्राप्त नृत्यांगना और नृत्य शिक्षिका जिआ नाथ और कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित ओडिसी के प्रतिष्ठित डांसर सनातन चक्रवर्ती ने अपने शानदार सामंजस्य वाले नृत्य से शिव का यह संदेश हर हृदय तक पहुंचाने में सफलता पाई कि मानव देह की संरचना वास्तव में अध्यात्म के अनुरूप है। इस अध्यात्म से जो ऊर्जा उत्पन्न होती है, वह भी भक्ति, ध्यान और अर्चना में लगे तो निर्वाण का मार्ग प्रशस्त होता है। यह नाटकीय और आध्यात्मिकता में समाहित परफोरमेंस सांस्कृतिक रसिकों और दिव्य प्रेरणा के खोजने वालों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई। वैसे तो जिया-सनातन ने ऐसी अन्य प्रस्तुतियां कई जगह दी हैं, अलबत्ता यह 'दो सांसों के बीच' प्रस्तुति पहली मर्तबा यहां पेश की गई।

### मेहंदी प्रतियोगिता में रौनक सोनी रही प्रथम

शिल्पग्राम उत्सव के अंतर्गत मंगलवार को मुक्ताकाशी मंच के प्रांगण में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने शिरकत की। प्रतियोगिता की जज डॉ. दीपिका माली, ज्योतिका राठौड़ और शीतल गुनेचा ने सभी प्रतियोगियों का क्रिएशन देख परिणाम घोषित किया। इसमें रौनक सोनी प्रथम, कविता कुमावत द्वितीय और लक्ष्मी लोधी तीसरे स्थान पर रहीं। इन्हें प्रशस्ति पत्र और क्रमश: 5000, 3000 और 2000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं, सांत्वना पुरस्कार में उर्मिला वैष्णव, ममता सोनी, धर्निका सुथार, शिल्पा और हितिषा आमेटा को एक-एक हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### 'सांसों की माला पे सिमरूं में...' से जमा सूफी रंग



शिल्पग्राम उत्सव में सांसों की माला पे सुमिरू मैं... पी का नाम... और बुल्ले शाह के आयो फकीरो मेले चलिए... जैसे कलामों पर जब प्रसिद्ध गायक ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने अपने सुरों में पिरोया तो सूफी गायन ऊंचाइयों पर पहुंच गया। श्रीवास्तव ने अपनी गायकी से शिल्पग्राम में समां बांध दिया। उन्होंने जब नुसरत फतेह अली खान के सूफी सॉन्ग 'बुल्ला की जाणा में कौण....' की तान छेड़ी तो हजारों सामयीन झूम उठे। इतना ही नहीं, हर गाने, सुर और तान पर उन्होंने जमकर वाहवाही लूटी। सूफी सम्राट नुसरत फतेह अली खान का कलाम 'सोचता हूं के वो कितने मासूम थे, क्या से क्या हो गए देखते देखते... सुनाया तो हजारो श्रोता झूम उठे और श्रीवास्तव के साथ गाने लगे। उन्होंने 'दिल पे ज़ख्म खाते हैं, जान से गुजरते हैं, जुर्म सिर्फ इतना हैं, उनको प्यार करते हैं...' सुनाया तो तमाम खवातीन-ओ-हजरात वाहवाही करने लगे। इसके साथ ही उन्होंने श्रोताओं की फरमाइश को भी पूरी तवज्जो दी।




### पद्मश्री अनवर खां ने 'केसरिया बालम...' से बांधा समां

विश्व प्रसिद्ध मांगणियार गायक पद्मश्री अनवर खां एंड पार्टी ने सूफी और लोक गीतों की इतनी बेजोड़ प्रस्तुतियां दी कि तमाम श्रोता झूम उठे। उन्होंने निंबूड़ा.. निंबूड़ा—निंबूड़ा, छाप तिलक सब छीन ली... और दमादम मस्त कलंदर से शिल्पग्राम में समां बांध दिया। इसके अलावा मांगणियार ग्रुप ने इस प्रस्तुति के दौरान मांगणियार वाद्य यंत्रों कमायचा और सारंगी की शानदार संगत के साथ ही खरताल, मोरचंग और ढोलक की जुगलबंदी से खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान कालबेलिया डांस की परफोरमेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### दिलीप भट्ट के 'तमाशा' ने रिझाया

जयपुर की 200 वर्ष पुरानी तमाशा शैली शिल्पग्राम में उस वक्त जीवंत हो गई, जब जयपुर के कलाकार दिलीप भट्ट ने इस गायन शैली की परंपरागत कॉस्ट्यूम में परफॉर्म किया। 'तमाशा' में भगवान शिव के महात्म्य को गायन और भाव-भंगिमाओं के साथ बहुत ही खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। उन्होंने 'काले भुजंग सिर धरे, इक जोगी आयो... हर हर महादेव शंभू, काशी विश्वनाथ शंभू...' भजन पर शिव के विभिन्न रूपों को जहां भाव भंगिमाओं से सजीव कर दिया, वहीं शंकर के तप और त्याग का भावपूर्ण प्रदर्शन कर दर्शकों को खूब रिझाया।



### पुष्कर सरोवर में लगाई आस्था की डुबकी



***अजमेर।*** *मार्गशीष मास की पूर्णिमा के मौके पर मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र पुष्कर सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। अलसुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का रैला उमड़ने लगा। श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान करने के बाद पुरोहितों को दान-दक्षिणा दी और गायों को चारा खिलाया गया। इसके बाद जगतपिता ब्रह्मा के दर्शन किए। वहीं शाम को जयपुर घाट पर श्रीदिव्य पुष्कर राज महाआरती महासंघ की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया।*

### 31 दिसंबर तक करा सकेंगे बागवानी फसलों का बीमा

**दौसा।** राज्य सरकार ने रबी की बागवानी फसलों के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। किसान 31 दिसंबर तक बीमा करावा सकते हैं। दौसा जिले के लिए रबी फसलों का बीमा करने के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को अधिकृत किया गया है। ऐसे में किसानों को फसलों की बुवाई की सूचना संबंधित बैंक या सहकारी समिति में 29 दिसम्बर तक लिखित में देनी होगी। ताकि वास्तविक बुवाई अनुसार फसलों का बीमा किया जा सके। ई-मित्र, बैंक या समिति के माध्यम से बीमा करवा सकते हैं।

## एसीबी टीम आरोपी के ठिकानों पर कर रही सर्च

# 50 हजार की घूस लेते ASI धरा

**बेधड़क । सीकर**

जिले में एसीबी टीम ने घूसखोर एएसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी इंतयाज खान फतेहपुर सदर थाने में एएसआई के पद पर तैनात है। एसीबी टीम ने आरोपी एएसआई इंतयाज खान को 50 हजार रुपए की घूस लेते दबोचा है।

परिवादी ने एएसआई खान पर एक लाख रुपए की रिश्वत मांगते हुए परेशान करने का आरोप लगाया था। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी टीम ने मंगलवार को ट्रैप का जाल बिछाया और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस



अब आरोपी एएसआई के मकान सहित अन्य ठिकानों पर तलाशी अभियान चला रही है। एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि सीकर एसीबी को शिकायत दी थी।

परिवादी ने शिकायत में बताया कि उसके खिलाफ थाने में दर्ज प्रकरण में गिरफ्तारी का भय दिखाकर फतेहपुर सदर पुलिस थाने का एएसआई इंतयाज खान द्वारा 1 लाख रुपए रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

इस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी कालूराम रावत के निर्देशन में सीकर इकाई के डीएसपी रविन्द्र सिंह द्वारा शिकायत का सत्यापन के बाद ट्रैप की कार्रवाई की गई।

## कोहरे के कारण हुआ हादसा

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ी मिनी ट्रक, तीन की मौत

**बेधड़क । जोधपुर**

प्रदेश में सर्दी बढ़ने के साथ ही सड़क हादसे भी बढ़ने लगे हैं। तेज सर्दी के बीच कोहरा काल बन रहा है। मंगलवार को एक बार फिर कोहरे का कहर जोधपुर जिले में देखने को मिला।

जोधपुर-बिलाड़ा नेशनल हाईवे-112 पर भावी और कापरड़ा के बीच कोहरे के कारण एक भीषण हादसा हो गया। टायर फटने के कारण टायर बदलने के लिए सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से मिनी ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। मिनी ट्रक चालक को कोहरे के बीच सड़क पर खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। भावी और कापरड़ा गांव के बीच सुबह करीब 8 बजे हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं 4 लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद मिनी ट्रक के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चिपक गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस उपाधीक्षक राजवीर सिंह चंपावत और थाना प्रभारी भंवरसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### ■ हादसे में चार लोग हुए गंभीर घायल



### टक्कर के बाद खाई में गिरी मिनी ट्रक

जानकारी के अनुसार, जोधपुर-बिलाड़ा नेशनल हाईवे-112 पर भावी के पास मार्बल से भरे ट्रक का टायर फट गया था। इसके बाद चालक ने टायर बदलने के लिए ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर रखा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने मार्बल से भरे ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद मिनी ट्रक पलट कर खाई में जा गिरा। मिनी ट्रक में कुछ लोग खड़े थे। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद मिनी ट्रक के ऊपर बैठे लोग नीचे आ गिरे। वहीं मिनी ट्रक के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चिपक गया। दोनों ट्रक में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 4 लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को जानकारी दी।

### दुर्घटना में इनकी गई जान

बिलाड़ा थाना पुलिस ने घायलों को बिलाड़ा जिला अस्पताल भिजवाया।, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए एक घायल को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि मार्बल से लदे ट्रक में बैठे नारायण सिंह (27) पुत्र धनसिंह निवासी घाटला, चारभुजा (राजसमंद), मिनी ट्रक में बैठे सलमान (25) पुत्र सुलेमान और विकार (25) पुत्र रमजान निवासी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) की बिलाड़ा के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। तीनों के शव बिलाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

## 5 तस्कर गिरफ्तार, 7 गोवंश छुड़ाए

# गोवंश को उठाकर ले जा रहे थे हरियाणा

**बेधड़क । भरतपुर**

डीग जिले की कोतवाली पुलिस ने गोकशी के लिए ले जाए जा रहे 7 गोवंश को मुक्त करा 5 गोतस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गोवंश की तस्करी में काम ली जा रही 2 पिकअप को भी जब्त किया है। पुलिस को तस्करों के बारे में सूचना मिली तो नाकाबंदी की गई। इस पर तस्कर पिकअप लेकर डीग कस्बे के बाजार की तरफ चले गए।


वहां वाहनों का जाम लगने पर पुलिस ने पिकअप की घेराबंदी कर 5 तस्करों को दबोच लिया। डीग कोतवाली के थाना अधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली थी। इस पर घेराबंदी कर दो पिकअप को पकड़ लिया। एक पिकअप में वाजिब निवासी कुकरपुरी थाना जुरहरा और शाहरुख निवासी कठोल थाना पहाड़ी बैठे मिले। पिकअप को चेक किया उसके अंदर दो गाय और एक बछड़ा था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गोवंश को हरियाणा लेकर जा रहे हैं। दूसरी पिकअप में बैठे तस्करों ने अपना नाम आशु निवासी कुकरपुरी थाना जुरहरा, साहब और शरीफ निवासी कठोल थाना पहाड़ी बताया। इस पिकअप में 4 गोवंश भरे हुए थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गोवंश को वे रास्ते से उठाकर लाए हैं। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**तैयारी:** सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा 7 जनवरी को

# परीक्षा व्यवस्था के लिए वीसी पर जुटे सात जिलों के अधिकारी

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 के तहत 'राजस्थान का सामान्य ज्ञान' प्रश्न-पत्र की परीक्षा 7 जनवरी को अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा व उदयपुर जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। दोपहर 12 से 2 बजे होने वाली परीक्षा में अनुचित साधनों व नकल जैसी अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। इसमें आयोग अध्यक्ष, सचिव, मुख्य परीक्षा नियंत्रक एवं आयोग के अधिकारियों ने संभागीय आयुक्तगण, जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर समीक्षा की।



आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के लिए लगभग 1.98 लाख अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं। परीक्षा से 7 दिवस पूर्व परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। प्रवेश-पत्र परीक्षा तिथि से 3 दिन पूर्व आयोग वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सहायक प्रोफेसर के 49 विषयों तथा लाइब्रेरियन व पीटीआई विषय की परीक्षाएं भी आयोग द्वारा दिनांक 17 मार्च से 2 जून तक निर्धारित कर दी गई है।

### एक घंटे पहले होना होगा उपस्थित

अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 1 घंटा पूर्व सुबह 11 बजे तक परीक्षा केंद्र पर आवश्यक रूप से मूल आधार कार्ड लेकर उपस्थित होना होगा। मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा की निष्पक्षता, गोपनीयता व सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से पूर्णतया जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इस कार्य के लिए फ्रिस्किंग दक्ष व प्रशिक्षित पुलिस कार्मिकों को नियुक्त किया जाएगा। परीक्षा आयोजन से जुडे कार्मिकों को भी केंद्र में मोबाइल या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। साथ ही परीक्षा के प्रत्येक प्रमुख चरण की वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

### सतर्कता दलों में प्रशासन व पुलिस अधिकारी

प्रत्येक 6 परीक्षा केंद्रों के लिए एक सतर्कता दल का गठन जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलक्टर द्वारा किया जाएगा। इस 3 सदस्यों के दल में राजस्थान प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी तथा एक जिला शिक्षा अधिकारी स्तर के शिक्षाविद को नियुक्त किया जाएगा। संबंधित जिले में परीक्षा केंद्रों की सम्पूर्ण पुलिस व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

## Yuva स्टोरीज



### अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी का स्थापना दिवस मनाया

**बेधड़क, जयपुर।** अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी का स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सोसायटी की टीम आश्रय केयर होम में पहुंची और वहां रहने वाले बच्चों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एवं रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत ने बताया कि उनके ग्रैंड सन अक्षेंद्र के जन्मदिवस पर इस एनजीओ की स्थापना हुई जिसमे एक हजार से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने वहां उपस्थित बच्चों को संबोधित किया एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्मला रावत, हेमेंद्र रावत, कल्पना रावत एवं सोसायटी की कोषाध्यक्ष डॉ. अक्षिता रावत ने अक्षेंद्र एवं सभी बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और एनजीओ के बच्चों को उपहार बांटे। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओपी त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गौरतलब है कि अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी एक समाज सेवी संगठन है जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाता है।

### संयुक्त अभिभावक संघ की बैठक में RTI पर चर्चा

**बेधड़क, जयपुर।** संयुक्त अभिभावक संघ के सदस्यों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान राइट टू एजुकेशन (आरटीई) पर बात की गई जो गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है किंतु शिक्षा का यह अधिकार निजी स्कूलों का हथियार बनकर रह गया है। सदस्यों ने कहा कि निजी स्कूल जहां आरटीई के तहत सरकारी फंड ले रहे हैं तो अभिभावकों से भी वसूली कर रहे हैं। पत्र लिखकर आरटीई के तहत एडमिशन देने वाले सभी निजी स्कूलों की एसआईटी से जांच करवाने की मांग की गई।



### जरूरतमंदों व विकलांगों को वितरित किए कंबल

**बेधड़क, जयपुर।** सेवा ही कर्म है और सेवा ही धर्म है, के उद्देश्य को लेकर जरूरतमंदों को बढ़ती सर्दी से बचाव के लिए कंबल बांटे गए तो माहौल कुछ भावुक हो गया। मौका था भारतीय संस्कृति संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति में जरूरतमंद विकलांगों और सड़क किनारे फुटपाथ पर खुले में सो रहे बेसहारा लोगों को गर्म कंबल वितरित करने के कार्यक्रम का। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, विष्णु शर्मा और टीम ने सहयोग किया। ट्रस्ट की संचालिका सीमा शर्मा ने बताया कि संस्थान बेसहारा लोगों को भोजन व अन्य जरूरत की वस्तुएं उपलब्ध कराता है। साथ ही बेसहारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन कार्य किए जाते हैं। कई वर्षों से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण सामग्री देने का काम भी किया जा रहा है। वहीं महिलाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाते हैं। जयपुर में हुए कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया गया और जयपुराइट्स को भी ऐसे लोगों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए संदेश दिए। कार्यक्रम में खुले में रात गुजारने वाले लोगों के हाल पूछते हुए उनको आगे भी मदद देने की बात की गई।

**RU में शुरू हुआ बास्केटबॉल खिलाड़ियों का कुंभ**

# खेल में हार-जीत नहीं सहभागिता सबसे अहम



| 05 | 05 | 119 | 1800 | 118 |
|---|---|---|---|---|
| दिन | राज्य | टीम | खिलाड़ी | मैच |

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में मंगलवार को देश के 5 राज्यों के 1800 से ज्यादा बास्केटबॉल खिलाड़ियों का कुंभ शुरू हुआ। भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली की ओर से पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता राजस्थान विश्वविद्यालय में शुरू हुई।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक व ओलम्पियन कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों के साथ अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि खेल कोई भी हो उसके लिए सही दिशा में कठिन परिश्रम आवश्यक है। खेल का मैदान आपको जीवन मे बहुत कुछ सिखाता है। उन्होंने कहा कि संघर्ष से दूर भागना नही अपितु उसको स्वीकार करना ही जीवन है, योद्धा बनकर विश्वास के साथ जीना ही सार्थक जीवन है।

विशिष्ट अतिथि बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने सभी खिलाड़ियों का राजस्थान की धरा पर स्वागत किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष अर्जुन अवार्डी गोपाल सैनी खिलाड़ियों को समय का महत्व बताया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की। उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है खिलाड़ियों की सहभागिता।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. राजेश पुनिया निदेशक खेल विभाग ने स्वागत उद्बोधन के साथ की। उद्घाटन सत्र में भारतीय विश्वविद्यालय संघ से पर्यवेक्षक के रूप में केरल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की निदेशक प्रो. रजिया मौजूद रहीं। कार्यक्रम मे आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के ध्वज का ध्वजारोहण किया। अंत मे डॉ. सुरेन्द्र ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



### पांच राज्यों के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

सचिव, स्पोर्ट्स बोर्ड डॉ. प्रीति शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि पश्चिमी भारत के 5 राज्यों की 119 टीमों के लगभग 1800 खिलाड़ी, कोच व मैनेजर प्रतियोगिता के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय पहुंचे हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पुणे व गुजरात की टीमें भाग ले रही हैं। डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि आगामी पांच दिनों में दिन-रात 118 मैच खेले जाएंगे।



**डीपीटीएल का स्टार्स विंटर संस्करण**

## डॉक्टर्स ने टेनिस में जमकर दिखाए हाथ

**बेधड़क** | जयपुर

अपने हाथों की जादूगरी की लोगों की जानलेवा बीमारियों को दूर कर नया जीवन देने वाले डॉक्टर्स ने टेनिस रैकेट पर हाथ आजमाए तो वहां भी अपने हुनर का लोहा मनवाया। मौका था मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में जय क्लब में चल रही डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग (डीपीटील) का। डीपीटीएल मंगलवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं व उपविजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा व कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर जय क्लब के सचिव मनोज दासोत ने ट्रॉफियां प्रदान की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अनिल शर्मा, संजय अजमेरा और डॉ. सुनील दत्त शर्मा भी उपस्थित थे। लीग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि दबंग जोड़ी मुकाबले में डॉ. सुधांशु और डॉ. अक्षय विजेता और डॉ. महाक्षित और डॉ. उमेश केडिया उपविजेता रहे। दबंग एकल प्रतियोगिता में डॉ. सुधांशु विजेता और डॉ. पुनीत नौवाल उपविजेता रहे।

### इस बार हुई टेनिस ट्रायो प्रतियोगिता

लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस बार नवाचार के रूप में टेनिस ट्रायो प्रतियोगिता भी प्रारंभ हुई। इसमें डॉ. अभिषेक, डॉ. सतीश व डॉ. रमेश की ट्रायो टीम ने डॉ. निशांत, डॉ. केडिया व डॉ. रणजीत की ट्रायो टीम को 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. रजत मालोट ने बताया कि मलंग जोड़ी का खिताब डॉ. संदीप और डॉ. सतीश ने डॉ. लोकेश और डॉ. रणजीत को 6-4 से हराकर जीता। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि मलंग एकल में डॉ. लोकेश विजेता और डॉ. संकल्प उपविजेता रहे।



*सैपियन्स हाई स्कूल ने सिल्वर क्राउन के जरूरतमंद बच्चों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट किया। स्कूल के स्टाफ व स्टूडेंट्स ने बच्चों को गर्म कपड़े उपहार में देकर क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।*

**अचीवमेंट** | **यारोल पोपौड और धोद ग्रुप का पहली बार देखने को मिलेगा फ्यूजन**

# ग्लोबल रॉक स्टार के साथ मंच पर रंग जमाएगा धोद ग्रुप

**बेधड़क** | जयपुर

विश्वभर में अपनी अनूठी कला से अलग पहचान बनाने वाला राजस्थान के युवाओं का धोद ग्रुप एक बार फिर सुर्खियों में है।

यह ग्रुप इस बार न केवल अपने देश में ही प्रदेश के लिए परफॉर्म करेगा, बल्कि इंटरनेशनल रॉकस्टार्स के साथ पहली बार इसकी जुगलबंदी भी देखने को मिलेगी।

धोद ग्रुप वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर उदयपुर में मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। सबसे खास बात है, कि इस बार ग्रुप के साथ फ्रांसीसी रॉक स्टार यारोल पोपौड की लाइव कॉन्सर्ट में बेहतरीन जुगलबंदी देखने को मिलेगी।



### भारत के लिए माने पॉप स्टार

धोद ग्रुप के फाउंडर रहीस भारती ने बताया कि पॉप और रॉक स्टार यारोल पोपौड ने भारत आकर प्रस्तुति देना स्वीकार किया और भारतीयों को उनकी प्रस्तुति देखने का मौका मिलेगा। आम तौर पर रॉक स्टार पारंपरिक संगीतकारों के साथ प्रस्तुति नहीं देते हैं और यह पहली बार है कि रॉक एंड रोल और पारंपरिक राजस्थानी संगीत ग्रुप धोद बैंड की प्रस्तुति होने जा रही है। यारोल की यह पहली भारत यात्रा है। गौरतलब है कि रहीस और उनका ग्रुप 8 महीने के विश्व दौरे से लौटा है। उन्हें संस्कृति मंत्रालय ने आमंत्रित किया है।

### 700 कलाकारों को मंच दे चुका है धोद ग्रुप

23 साल पहले राजस्थान के एक छोटे से गांव में धोद ग्रुप की शुरुआत करने वाले रहीस भारती को फ्रांस सरकार से खास पहचान मिली है। हाल ही में वे फ्रांस में एक प्रतिष्ठित संगीत समारोह में सम्मानित हुए। इन्होंने ग्रामीण राजस्थान के लगभग 700 कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है। उनका कहना है कि कि हमारा पूरा फोकस राजस्थान के संगीत पर है और यही कारण है हम वैश्विक स्तर पर राजस्थान के सांस्कृतिक राजदूत के रूप में पहचाने जाते हैं।

### यह प्रस्तुतियां रहेंगी खास

महोत्सव में समूह पारंपरिक राजस्थानी लोक गीत जैसे 'केसरिया बालम,' 'बेगा घर आओ बालम' और 'आओजी आओ धोड़ प्यारो आओजी' के साथ तबला जैसे वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति देगा। ढोलक, करताल, सारंगी, ड्रम और गिटार जैसे रॉक संगीत तत्वों के साथ सहजता से मिश्रण देखने को मिलेगा। फ्रांस के रॉकस्टार गायक और गिटारवादक यारोल पोपौड, विक्टर मेकेनिक बेस गिटारवादक, गायक और ड्रमर लुडविग डेल्हबर्ग धोड बैंड के साथ प्रदर्शन करेंगे।



यारोल पोपौड

# राजनीतिक ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग होना चाहिए



**राजेंद्र बज**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

## दृष्टिकोण

आमतौर पर देखा गया है कि स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की राजनीतिक सक्रियता एक प्रकार से अधिकार प्राप्ति को लेकर होती है। सत्ता के प्रति प्रबल आकर्षण के चलते विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों को मूर्त रूप दिया जाता है। राजनीतिक सक्रियता अंशकालिक भी होती है और पूर्णकालिक भी, लेकिन राजनीतिज्ञों का वह वर्ग जो पूर्णकालिक राजनीति करता है, उन्हें अपने अतिरिक्त समय में अपनी ऊर्जा एवं चेतना को समाज कल्याण के प्रति समर्पित कर देना चाहिए। इसका प्रत्यक्ष लाभ उन्हें यह प्राप्त होगा कि उनकी शारीरिक एवं मानसिक श्रम शक्ति (जो कि नश्वर प्रकृति की होती है) का सार्थक उपयोग संभव हो सकेगा। साथ ही परोक्ष रूप से सामाजिक स्तर पर किया गया सेवा भाव राजनीतिक सफलता का कारक सिद्ध होगा। वैसे भी सैद्धांतिक रूप से सक्रिय राजनीति का मूलभूत उद्देश्य अधिकतम समाज कल्याण के प्रति समर्पित ही रहता है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में सत्ता जनहित का साधन है, लेकिन यह भी जरूरी नहीं कि सत्ता पाकर ही जनहित में कदम उठाए जा सकते हैं। दरअसल सत्ता के अभाव में भी सकारात्मक दृष्टि से सामाजिक कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

यह आश्चर्य का विषय है कि जो व्यापक जनहित के प्रति सक्रिय राजनीतिक भागीदारी करते हैं, उन्हें सत्ता ही क्यों चाहिए होती है? हमारे देश-प्रदेश में ऐसे-ऐसे समाजसेवी हैं, जो सत्ता से कतई सरोकार नहीं रखते, लेकिन उन्होंने समाज की दशा और दिशा को सकारात्मक दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है और कर भी रहे हैं। निश्चित रूप से जब सत्ता की आस लेकर राजनीति में सक्रिय हुआ जाता है, तब नागरिकों को राजनेताओं की नीति में खोट दिखाई देता है। यह कटु सत्य है कि निरंतर विकृत होती जा रही राजनीति के दौर में राजनीतिक सक्रियता स्वार्थसिद्धि की पर्याय बन गई है। हमें इस मिथक को तोड़ना होगा, अन्यथा सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में हम प्रगति भी करेंगे तो वह खोखली ही सिद्ध होगी। राजनीति में अनगिनत अंशकालिक और पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ हैं। अंशकालिक राजनीति का दौर छोटे-बड़े चुनाव में नजर आता है। निश्चित है कि इनके मन में भी समाज सेवा का जज्बा होता है। जिसे रिक्त समय में वे समाज कल्याण की ओर रुख कर सकते हैं। वैसे ही पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ जीवनपर्यंत जनसेवा का लक्ष्य लेकर समर्पित भूमिका का निर्वहन करता है। लेकिन इसके लिए सत्ता को ही जरूरी क्यों माना जाता है? हालांकि माना जा सकता है कि सत्ता जनहित का सशक्त माध्यम है, लेकिन क्या बिना सत्ता के सामाजिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त नहीं किया जा सकता? समाज की दशा और दिशा में आज भी निरंतर सुधार की आवश्यकता है।

> *सामाजिक विकृतियों का निदान तथा समाज उत्थान के लिए राजनीतिज्ञों की ऊर्जा एवं चेतना चमत्कारिक परिणाम दे सकती है। वैसे भी समाज सुधार के लिए नेतृत्व करने की कुशलता आवश्यक होती है, जो कि स्वाभाविक रूप से राजनीतिज्ञों में पायी जाती है। समाज सुधार के लिए नेतृत्व को अनुयायियों की आवश्यकता होती है और राजनीतिक नेतृत्व के पास कार्यकर्ताओं का एक बड़ा समूह भी होता है।*

आज भी विभिन्न कुरीतियों और अंधविश्वासों के चलते नागरिकों की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुर्गति हो रही है। विकास की मुख्यधारा में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी नहीं दिखाई देती। विकसित और अधिक विकसित हो रहे हैं और पिछड़े, और अधिक पिछड़ रहे हैं। एक प्रकार का सामाजिक असंतुलन लगभग प्रत्येक समाज में व्याप्त है। राजनीति में धर्म और धर्म में राजनीति का घालमेल दोनों ही क्षेत्रों की मर्यादा पर दाग लगा रहा है। सामाजिक विकृतियों का निदान तथा समाज उत्थान के लिए राजनीतिज्ञों की ऊर्जा एवं चेतना चमत्कारिक परिणाम दे सकती है।

वैसे भी समाज सुधार के लिए नेतृत्व करने की कुशलता आवश्यक होती है, जो कि स्वाभाविक रूप से राजनीतिज्ञों में पाई जाती है। समाज सुधार के लिए नेतृत्व को अनुयायियों की आवश्यकता होती है और राजनीतिक नेतृत्व के पास कार्यकर्ताओं का एक बड़ा समूह भी होता है। यदि राजनीतिक ऊर्जा एवं चेतना का प्रवाह समाज कल्याण की दिशा में मोड़ दिया जाए, तो देश-प्रदेश तरक्की की दिशा में विद्युत गति से आगे बढ़ सकता है, लेकिन इसके लिए राजनीतिज्ञों को बदलना होगा और सत्ता के प्रति आसक्ति भाव का त्याग करना होगा। बेशक यह सब इतना आसान नहीं है, लेकिन कहीं न कहीं किसी न किसी राजनीतिज्ञ के अंतःकरण की चेतना जागृत हो जाए, तो यह सिलसिला गति पकड़ सकता है। यह निश्चित है कि जब राजनीतिक ऊर्जा समाज कल्याण की दिशा में प्रवाहित होगी, तब प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से इसका राजनीतिक लाभ भी नेतृत्व को प्राप्त हो सकता है। जरूरत इस बात की है कि संपूर्ण एकाग्रचित्त अवस्था में पूर्ण निष्ठा के साथ समाज कल्याण की भावना को सत्ता विहीन स्थिति में भी मूर्त रूप दिया जाए। निश्चित ही ऐसा संभव होने पर हम अपनी उस उपलब्धि को प्राप्त कर सकते हैं, जो कि हमें भारतीय होने का गौरव प्रदान करती रही है। हमें आशा करनी चाहिए कि आज नहीं तो कल, लेकिन कभी ऐसा कल भी आएगा कि राजनीतिक सफलता का पैमाना समाज कल्याण की दिशा में किए गए कार्यों पर निर्भर करेगा। दरअसल देश प्रदेश में ऐसा वातावरण बनाया जाना चाहिए कि विभिन्न राजनीतिक दल अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के आधार पर चुनावी प्रतिस्पर्धा में भागीदारी करें। ऐसा होने पर स्वस्थ समाज की संरचना का मार्ग प्रशस्त होगा। अन्यथा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के चलते बेटू के मुद्दों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच परस्पर मनमुटाव और टकराहट का दौरा राजनीति के मूल स्वरूप को लगातार विकृत करता ही चला जाएगा। खैर, यह समय की मांग है कि सत्ता के अभाव में भी राजनीतिक ऊर्जा का उपयोग समाज कल्याण हेतु होना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

### खेत-खलिहान के प्रयोगधर्मी किसानों के...

# नवाचारों को संरक्षण और प्रोत्साहन जरूरी



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार



बदलते सिनेरियों में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी बड़ी और संसाधनयुक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नए प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं की देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

कृषि के क्षेत्र में भारत आज अग्रणी देश बन गया है। हालात यह हो गए है कि आज गेहूं और धान के निर्यात पर रोक के बावजूद देश के किसानों की ही मेहनत का फल है कि बागवानी व अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर देश निर्यात के नए कीर्तिमान स्थापित करने की और अग्रसर है। पर यहां हमें यह नहीं भूलना होगा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण जहां गेहूं, धान आदि के उत्पादन के हालात सेचुरेशन वाले हो गए हैं वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पानी का अत्यधिक दोहन, स्वास्थ्य और सेहत के लिए हानिकारक होता जा रहा है। आज देश जैविक व परंपरागत खेती की और बढ़ रहा है।

> *श्रीप्रकाश ने नित नए प्रयोग करते हुए 200 प्रकार की देशी वैरायटी के बीज विकसित किए हैं। इनमें गेहूं की 80 प्रजाति, धान की 20 प्रजाति, अरहर की 5 प्रजाति, सरसों की 3 प्रजाति सहित हमारी जलवायु और वातावरण में अच्छी, जल्दी पकने वाली देशी प्रजातियों को विकसित करने का अहम काम किया गया है। 'गेहूं कुदरत-9 और कुदरत-8 विश्वनाथ लम्बे बाली वाला होता है।*

हांलाकि यह भी उपलब्धि है कि दुनिया में हमारा सिक्किम दुनिया का पहले नंबर पर जैविक अनाज उत्पादक प्रदेश बन गया है। खैर इस सबके बीच हमें उन प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों को प्रोत्साहित और उनकी मेहनत को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए आगे आना होगा जो अपनी सीमित साधन, संसाधन और विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद नई इबारत लिख रहे हैं। सही मायने में देखा जाये तो इन प्रयोगधर्मी अन्नदाताओं की मेहनत व लगन को किसी कृषि वैज्ञानिक से कम नहीं आका जा सकता। देश के अनेक प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों में से अपनी खेती-अपना खाद, अपना बीज-अपना स्वाद को ध्येय बनाकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के टड़िया गांव के किसान वैज्ञानिक श्रीप्रकाश सिंह रघुवंशी ऐसे ही देश कुछ गुणे चुने खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर जुटे हुए हैं। सच ही कहा गया है कि ईश्वर किसी ना किसी तरह से न्याय अवश्य करता है। इसी का जीता जागता उदाहरण श्रीप्रकाश रघुवंशी है। 23 साल की आयु में बीमारी के दौरान पेनिसिलिन की इंजेक्शन के दुष्प्रभाव से आंखों पर अधिक असर पड़ने के कारण आंखों की परेशानी के कारण खेत और खेती को ही प्रयोगशाला बनाकर श्रीप्रकाश ने जो नवाचार और प्रयोग किए आज उन्हें संरक्षित करने की अधिक आवश्यकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निकट भविष्य में श्रीप्रकाश को पूरी तरह से दिखाई देना बंद होने की संभावना के अहसास के डर से लग रहा है कि ऐसी विकट स्थिति आई तो कृषि क्षेत्र में उनकी शोध यात्रा थम जाएगी। उन्हें चिन्ता है कि गेहूं, अरहर, सरसों आदि की उनके द्वारा विकसित 'कुदरत' और करिश्मा प्रजाति के बीज और 200 प्रकार के देसी बीजों के खजाने का क्या होगा। श्रीप्रकाश ने नित नए प्रयोग करते हुए 200 प्रकार की देशी वैरायटी के बीज विकसित किए हैं। इनमें गेहूं की 80 प्रजाति, धान की 20 प्रजाति, अरहर की 5 प्रजाति, सरसों की 3 प्रजाति सहित हमारी जलवायु और वातावरण में अच्छी, जल्दी पकने वाली देशी प्रजातियों को विकसित करने का अहम काम किया गया है। 'गेहूं कुदरत-9 और कुदरत-8 विश्वनाथ लम्बे बाली वाला होता है। एक बाली में 80-90 दाने होते हैं। तेज पानी, हवा से पौधा गिरता नहीं। उत्पादन क्षमता 25 से 30 क्विंटल प्रति एकड़ है। दाना मोटा, चमकदार और वजनदार होता होता है। खासबात यह है कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे दावों को जांचा परखा गया है और गुणवत्ता पर खरे उतरे हैं। देश के कई हिस्सों में खासतौर से यूपी, मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब हरियाणा आदि में 100, 50, 25 ग्राम के सैंपल्स उपलब्ध कराकर प्रयोग किया गया है और यह प्रयोग सफल रहा है।

अब श्रीप्रकाश की चिंता यही है कि इन स्वदेशी बीजों का बैंक बन जाए तो इनका उपयोग, उत्पादन और संरक्षण का काम हो सकेगा। इसका लाभ अंततोगत्वा देश के कृषि क्षेत्र को ही मिलेगा। श्रीप्रकाश के बहाने यहां चिंतनीय और विचारणीय हालात यह हो जाता है कि देश के ऐसे भूमि पुत्रों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाना ही प्रर्याप्त नहीं है। सम्मान अपने आपमें मायने रखता है पर इनकी मेहनत और प्रयोग को जब उपादेय माना जाता है तो उसके संरक्षण और संवर्द्धन किया जाना चाहिए। मेरा मानना है कि केन्द्र व राज्य सरकार के कृषि मंत्रालयों को ऐसे नवाचारी, अपनी धुन में मस्त, मानव समाज और कृषि जगत के लिए किये जा रहे कार्यों को पहचान के साथ ही प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बल्कि होना तो यह चाहिए कि मंत्रालयों में एक अनुभाग ऐसा होना चाहिए जो केवल ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने, उन्हें सहयोग करने, आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराने और परीक्षण के बाद खरी उतरने वाले प्रयोगों को सरकार द्वारा अपने हाथ में लेकर आगे बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। आज किसानों को भ्रमण कराया जाता है। यदि ऐसे नवाचारी भूमिपुत्रों के खेत खलिहान का भ्रमण कराया जाता है, अनुभवों से रुबरु कराया जाता है तो यह अधिक लाभदायक होगा इसमें कोई संदेह नहीं किया जाना चाहिए। देखा जाए तो श्रीप्रकाश तो एक बहाना है हां यह अवश्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के कृषि मंत्रालय को आगे आकर श्रीप्रकाश द्वारा 200 से अधिक किए गए 20 प्रजाति के बीज बैंक की स्थापना कर संरक्षित करने के लिए आगे आना चाहिए।

श्रीप्रकाश के स्वास्थ्य की विपरीत परिस्थिति को देखते हुए संबल प्रदान करना चाहिए। यह केवल श्रीप्रकाश की ही बात नहीं हैं देश के हर कोने में इस तरह के कर्मयोगी मिल जाएंगे। मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के महेन्द्र मधुप ने इस तरह के कर्मयोगियों व उनके प्रयोगों को अन्वेषक किसान सहित अपनी पुस्तकों व अनवरत लेखकीय प्रयासों से सामने लाने की पहल की है। सरकार को इन्हें मान्यता देनी चाहिए। केवल पुरस्कारों से कुछ होने वाला नहीं हैं अपितु इनकी मेहनत के नवाचारों को विस्तारित किया जाना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार पहले जांचें परखें पर जांच परख के बाद जब उपयोगी सिद्ध होती है तो फिर सरकार को ऐसे प्रयोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। भले ही विश्वविद्यालयों में अन्य पीठों की तरह इस तरह की नवाचारी प्रयोगधर्मी भूमि पुत्रों के लिए भी पीठ की स्थापना कर आगे आ सकती है। कोरोना के बाद विश्व में नए हालात आए हैं जलवायु परिवर्तन और तापमान में बढ़ोतरी के कारण नई परिस्थितियां सामने आ रही है। विश्व में आसन्न खाद्यान्न संकट को लेकर चेताया जा रहा है। तब इस तरह की पहल की आवश्यकता और अधिक हो जाती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

## व्यंग्य

# एक लेखक का संपादक बन जाना



**पूरन सरमा**
व्यंग्यकार

एक लेखक था। झोला लटकाए सड़कों की खाक छानता फिरता था। काम धंधा न होने से खुद भी परेशान था और घरवाले तो थे ही। वह तो पत्नी स्कूल में टीचिंग करके उसे, उसके सौंपे दो बच्चों को पाल रही थी। जब भी मुझे मिलता, कहता -''शर्मा, लिखना व्यर्थ गया। इससे कोई काम नहीं मिलता।'' मैं कहता -लगे रहो, कहीं न कहीं जुगाड़ बैठ जाएगा। ''बिल्ली के भाग का छींका टूटा। एक लोकल अखबार में संपादक की जगह निकली। मैंने ही उसे बताया कि एप्लाई करो, कुछ तिकड़म लगाकर तुम्हारी पदस्थापना करवा देंगे। तिकड़म काम आई और वह संपादक बन गया। लेखक बहुत खुश हुआ कि वह संपादक बन गया है और उसे वेतन भी मिलेगा। पत्नी के तानों से मुक्ति मिलेगी। उसे समाचार पत्र में संपादकीय पृष्ठ देखने का दायित्व दिया गया। संपादक ने दायित्व को भुला दिया और सम्पर्कों को देखने लगा। मैं भी उसका समानधर्मी था। खुश था कि रचनाएं स्थान पा लेंगी, अब तो अपना आदमी बैठा है वहाँ।

मैं लेखक बनाम संपादक के पास अपनी रचनाओं की हार्डकॉपी लेकर गया तो वह छूटते ही बोला -''शर्मा ऑनलाईन का जमाना है। तुम इन्हें मेरे मेल पर भेजो।" मैंने कहा- "यार मैं ये कम्प्यूटर, मेल-ई-मेल कुछ नहीं जानता। इसलिए तुम इन्हें तैयार करवालो। बाद में बच्चों से आगे मेल करा दूंगा।" संपादक नहीं माना। मैं रचनाएं लेकर आ गया। बच्चों को प्रॉब्लम बताई तो वे बोले -''डॉन्ट वरी पापा। हम मेल कर देंगे।" मैंने उसके मेल आईडी पर दो ताजा रचनाएं मेल कर दी। रोज अखबार देखता, लेकिन रचना बीस दिन तक नहीं लगी तो मैंने उसे मोबाइल मिलाया। उसने मेरा नम्बर देखकर काट दिया। मैने पीबीएक्स से उसके नम्बर मिलवाया तो, उसने ऑपरेटर से पहले नाम जान लेने की हिदायत दे दी थी। ऑपरेटर ने मेरा नाम पूछा, मैंने उसे नाम बता दिया। थोड़ी देर के म्यूजिक के बाद ऑपरेटर ने बताया कि वे तो सीट पर नहीं है। मैंने फोन काट दिया। मैंने दूसरे दिन फिर फोन लगाया। इस बार ऑपरेटर ने बताया कि संपादक जी मीटिंग में हैं। मैंने मन ही मन सोचा कि यार यह खूब जलालत हुई, पहले वाला संपादक ही ठीक था, बिना बात किएही कभी-कभार रचना लगा तो देता था। यह तो विकट निकला। मैंने सोचा शायद मेरा सोचना गलत हो। वाकई वह व्यस्त हो, और मैं उसके बारे में गलत धारणा बना रहा हूं।

यही सोचकर मैने तीसरे दिन फिर फोन लगाया तो ऑपरेटर ने नाम पूछकर बताया कि वे अभी जरूरी काम में व्यस्त हैं, वे खुद आपसे बात कर लेंगे और पंद्रह दिन बीत गये, उसका फोन नहीं आया। मैने फिर उसे फोन लगाया तो इस बार वह लाइन पर था। मैंने कहा -''मैं रामनाथ बोल रहा हूं।'' मेरी आवाज सुनकर भड़क गया -''अरे भाई, पहले व्यंग्य का ककहरा सीखो। राजनेताओं को गाली देने भर से व्यंग्य नहीं हो जाता।'' यह कहकर उसने फोन काट दिया। क्षोभ से मन भर गया। मन ने कहा- क्यों एक रचना छपवाने के लिए इतने दिनों से जलील हो रहे हो।

अखबारों की कमी है। देश में हजारों की संख्या में पत्र-पत्रिकायें है। इसी में छपना जरूरी थोड़े ही है। उसके बाद मैंने उस समाचार पत्र का रचना भेजना बंद कर दिया। लेकिन लेखक का संपादक बन जाने पर मुखौटा लगा लेने पर भारी अफसोस था। अन्य स्थानों पर मेरी रचनायें छप रही हैं। फोन करने की भी आवश्यकता नहीं है।

---

X



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
अतिथि सत्कार, स्नेह से तैयार व्यंजन और प्रेम पूर्वक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करने का आनंद ही म्हारे राजस्थान री पहचान है।



**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
असुरक्षा की भावना जीवन को उसके सही सन्दर्भ में न समझने से आती है। हम सभी नश्वर हैं; हम आते हैं और हम जाते हैं. हमारे जीवन की प्रकृति और गुणवत्ता हमारी जीवंतता की तीव्रता पर निर्भर करती है।

---

### नॉलेज कॉर्नर: वर्ष 2000 में हुई नॉइज पॉल्युशन नियमों की स्थापना

# लाउडस्पीकर इस्तेमाल के ये हैं नियम

हमारे देश में अक्सर जब कोई धार्मिक कार्य किया जाता है तब लाउडस्पीकर खूब सुनाई देता है। नेताओं की रैलियों में भी लाउडस्पीकर खूब बजता है। कहीं-कहीं लाउड स्पीकर का लोग आनंद लेते हैं। तो कहीं-कहीं इससे काफी परेशानी भी होती है। इस परेशानी से निपटने के लिए सरकार ने साल 2000 में नॉइज पॉल्युशन नियम बनाए हैं, जिनमें लाउड स्पीकर के इस्तेमाल के लिए कुछ मानदंड तय किए हैं। नियमों के तहत कई प्रदेशों में धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर लाउड स्पीकर पर बैन लगाया गया है। ये आदेश सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का हवाला देते हुए दिए गए हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर नियम कानूनों के बारे में...

### किस विभाग से लेनी होती है परमिशन

पहले जब घर में या बाहर किसी का कोई कार्यक्रम होता था। तब बेझिजक होकर सारी रात लाउडस्पीकर बजाया जाता था। शहरों में ऐसा कम होता था लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह ऐसा देखने को मिलता था। लेकिन अब कोई बिना प्रशासन की लिखित अनुमति के लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं कर सकता है। यानी अब किसी को अगर अपने कार्यक्रम में लाउड स्पीकर का इस्तेमाल करना है तो वहाँ के लोकल प्रशासन से लिखित में मंजूरी लेनी होगी।



### किन स्थलों पर रोक

नॉइज पॉल्युशन रूल्स, 2000 के नियमों के अंतर्गत। देश में कुछ ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की सख्त मनाही है। साइलेंस जोन के अंतर्गत आने वाले स्थलों के 100 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। साइलेंस जोन में अस्पताल, कोर्ट और शैक्षणिक संस्थान इत्यादि शामिल हैं। सरकारी नियमों मुताबिक लाउडस्पीकर बजाने के लिए एक निश्चित समयसीमा तय की गई है। उसी अवधि के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा सकता है। सुबह 6 बजे के बाद से रात के 10 बजे तक लाउडस्पीकर बजाया जा सकता है। लेकिन रात 10 बजे के बाद से लेकर सुबह के 6 बजे तक इसपर पाबंदी है।

### धार्मिक स्थलों को सशर्त अनुमति

*धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल करने को लेकर वहां के लोकल प्रशासन से लिखित में मंजूरी लेना अनिवार्य है। आमतौर पर सुबह 6 से लेकर रात 10 बजे तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की छूट है। धार्मिक स्थलों के लिए इसे प्रशासन से अनुममि लेकर बढ़ाया जा सकता है।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**जम्मू कश्मीर:** पूर्व सीएम ने अनुच्छेद 370 हटाने पर उठाए सवाल

# फारूक ने की पाकिस्तान से वार्ता की हिमायत, छेड़ा गाजा का राग

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीर मुद्दे पर एक बार फिर भारत को पाकिस्तान से बात करने की सलाह दी है। उन्होंने मंगलवार को यहां मीडिया से बात बातचीत में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था- दोस्त बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदले जा सकते। हम पड़ोसियों के साथ दोस्ती में रहेंगे तो दोनों आगे बढ़ेंगे, दुश्मनी करके हम आगे नहीं बढ़ सकते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान बातचीत के जरिए विवादों को खत्म नहीं करते हैं तो कश्मीर का भी गाजा और फिलिस्तीन जैसा ही हाल हो जाएगा। अब्दुल्ला पिछले हफ्ते पुंछ में हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए यह बात कही। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर भी सवाल उठाए। ज्ञात रहे कि फारूक अब्दुल्ला की तरह पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती भी कश्मीर मसले पर पाकिस्तान से बातचीत की हिमायत करती रहती हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा, नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और वे कह रहे हैं कि हम भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन क्या कारण है कि हम बातचीत के लिए तैयार नहीं हैं? अगर हम वार्ता के जरिए समाधान नहीं निकालेंगे, तो हमारा हाल भी गाजा और फिलिस्तीन जैसा होगा, जिसपर इजरायल बमबारी कर रहा है।अब्दुल्ला की तरफ से बयान ऐसे समय पर आया है, जब हाल ही में पुंछ में आतंकारियों के हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। इसके अलावा बारामूला में रिटायर पुलिस अधिकारी को मस्जिद के अंदर ही गोली मार दी गई थी।



### अभी खत्म नहीं हुआ है आतंकवाद

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है। पहले से ज्यादा हो रहा है। आज नफरत इतनी हो गई है कि मुसलमान और हिंदू को लगता है कि हम एक-दूसरे के दुश्मन हैं। पाकिस्तान में नवाज शरीफ वजीरे आजम बनने वाले हैं। वह बातचीत के लिए तैयार हैं तो हमें क्यों नहीं करना चाहिए। फारूक अब्दुल्ला ने खुद मोदी जी का बयान है कि युद्ध आज के युग में विकल्प नहीं है. बाचतीत से ही समस्या का समाधान हो सकेगा।

## J&K: पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम लागू

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2023 और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के प्रावधान मंगलवार से लागू हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसको लेकर अधिसूचना जारी की है। हाल में समाप्त हुए संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों विधेयकों को मंजूरी दी गई थी। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन), अधिनियम 2023 के प्रावधानों के लागू होने के बाद राज्य की विधानसभा में सीटों की संख्या बढ़ कर 114 हो जाएगी। विधानसभा में पहली बार विस्थापित कश्मीरी पंडितों और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए क्रमशः दो और एक सीटें आरक्षित होंगी। इन्हें उपराज्यपाल नामित करेंगे। नामित करने के दौरान महिला वर्ग से एक प्रतिनिधि सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जनजाति के लिए नौ सीटें आरक्षित की गई हैं, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 6 से बढ़ा कर 7 कर दी है।




### तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी की पीएम मोदी से भेंट

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के नवनर्वाचित मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और डिप्टीसीएम भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद रेड्डी की मोदी से यह पहली मुलाकात है। माना जा रहा है कि बैठक में तेलंगाना सीएम ने पीएम मोदी के साथ राज्य की लंबित परियोजनाओं पर विशेष चर्चा भी की। वहीं, केंद्र सरकार से बकाया राशिको जारी करने की मांग की। मुलाकात के बाद विक्रमार्क मल्लू ने कहा कि पीएम मोदी को एक एक विशेष प्रस्तुतीकरण दिया गया और उन पर विचार करने का अनुरोध किया।पीएम ने आश्वस्त किया है कि वह इसकी जांच करवाएंगे और जो भी इस दिशा में उचति होगा, उसके प्रयास किए जाएंगे।

### बीजद ने लिया नया ओडिशा बनाने का संकल्प

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल ने मंगलवार को अपना 27वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर राज्य भर से हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने नवीन ओडिशा बनाने का संकल्प लिया। पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अपने पिता बीजू पटनायक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिनके नाम पर क्षेत्रीय पार्टी का नाम रखा गया है। बीजद का गठन बीजू पटनायक के निधन के बाद 26 दिसंबर 1997 को हुआ था। बीजू पटनायक का निधन 17 अप्रैल 1997 को हुआ था। बीजद उपाध्यक्ष देबी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि बीजद के प्रदेश मुख्यालय 'शंख भवन' में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य तथा इसके लोगों के लिए निःस्वार्थ भाव से काम करने के वास्ते खुद को फिर से समर्पित करने की शपथ ली।

**भाजपा का मिशन बंगाल शुरू:** अमित शाह व नड्डा पहुंचे दौरे पर

# दीदी के राज में जनता बोल रही इससे अच्छे तो वामपंथी थे: शाह

### पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति का किया गठन

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के लिए अपने मिशन की शुरुआत मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के राज्य के दौरे के साथ की। दोनों नेताओं ने यहां प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में हिस्सा लिया। इसके साथ ही बंगाल के लिए 15 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन टीम का गठन किया गया।

इसके साथ ही वे आईटी व सोशल मीडिया मीट में भी शामिल हुए। इस दौरान अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब बंगाल से वामपंथियों का शासन हटा तो पूरा देश और बंगाल की जनता बहुत खुश हुई, मगर दीदी ने इस तरह शासन चलाया कि अब जनता बोल रही है, इससे अच्छे तो वामपंथी ही थे।



### टीम में इन नेताओं को किया गया शामिल

टीम में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी, सांसद दिलीप घोष, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा, अमिताभ चक्रवर्ती, सतीश धंड, जगन्नाथ सरकार, अग्निमित्रा पाल, लाकेट चटर्जी, दीपक बर्मन और ज्योतिर्मय महतो शामिल हैं। बंगाल के चार केंद्रीय पर्यवेक्षकों सुनील बंसल, अमित मालवीय, आशा लकड़ा और मंगल पांडेय को भी इसमें जगह दी गई है।

### घर-घर पहुंचेगा मोदी फिर से एक बार का नारा

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सोशल मीडिया का बहुत महत्त्व है, क्योंकि यहां के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दीदी के भय और पैसे के कारण भाजपा की बात जनता तक नहीं पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं को बंगाल के हर घर में भाजपा का कमल निशान और 'मोदी फिर से एक बार...' का नारा पहुंचाने से कोई नहीं रोक सकता।

### महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी पर भी साधा निशाना

इस दौरान अमित शाह ने निलंबित टीएमसी नेताओं महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि टीएमसी के सांसद सदस्य अपने लोकसभा अकाउंट का पासवर्ड, किसी व्यापारी को देते हैं। क्या पैसे और महंगे गिफ्ट लेकर सवाल पूछने वाले सांसद देश को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी के एक सांसद देश के उपराष्ट्रपति की मिमिक्री कर संवैधानिक पद का अपमान करते हैं।

### बंगाल से आएंगे 35 कमल

शाह ने कहा कि 2015 में 'दीदी' भाजपा को बहुत हल्के में ले रही थी, लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में 18 और विधानसभा में 77 सीटों पर विजय दिलाई। उन्होंने कहा कि जब 0 से 77 सीट आती हैं तो अगली बार वो दो-तिहाई में बदलती हैं और जब 0 से 18 आती हैं तो वो 35 में बदलती हैं और ये बात दीदी जानती हैं। शाह ने कहा कि इस बार मोदी सरकार में 35 कमल पश्चिम बंगाल से आएंगे।

### काली मंदिर में की पूजा

शाह व नड्डा मंगलवार सुबह जोड़ासाको इलाके के श्री बड़ी सिख संगत साहिब गुरुद्वारा गए और वहां मत्था टेका। उन्होंने इस दिन कालीघाट मंदिर जाकर पूजा-अर्चना भी की। इसके बाद राष्ट्रीय पुस्तकालय में पार्टी की मीडिया सेल के साथ बैठक की। देर शाम वे दिल्ली लौट गए।

**MP:** विभागों का आवंटन एक दो दिन में

## मंत्रियों को लोस सीटवार सौंपा जाएगा प्रभार



**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद मंगलवार को मंत्रियों के साथ पहली बैठक की। इसमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री अपने-अपने क्षेत्र में तैयारियों में जुट जाएं। लोकसभा सीटवार मंत्रियों को प्रभार दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार मंत्रियों को विभागों का आवंटन एक-दो दिन में हो सकता है। बैठक के बाद कुछ मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से अलग से मुलाकात भी की।
सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करनी है। इसके लिए हम सब अभी से जुट जाएंगे। अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाएं। कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद रखें। संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसे सभी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा है। सुशासन हमारी सरकार की प्राथमिकता है। आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल जाए, तो संतुष्टि का भाव आता है। विभाग आवंटन के बाद समीक्षा की जाएगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ लाभ दिलाना भी सुनिश्चित किया जाए। सभी इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी करें और जिलों में योजनाओं की समीक्षा भी करें। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को संभागों के प्रभार दिए गए हैं। क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों से मुलाकात हो।

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह**

## येचुरी कार्यक्रम में नहीं होंगे शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने अयोध्या में अगले साल 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है। देश की कई जान मानी हस्तियों के साथ येचुरी को भी इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। माकपा नेता ने एक बयान में कहा कि धर्म एक व्यक्तिगत पसंद है, जिसे सियासी फायदे के औजार में नहीं बदला जाना चाहिए। माकपा की



ओर से एक्स पर कहा गया कि येचुरी निमंत्रण मिलने के बावजूद समारोह में शामिल नहीं होंगे।

येचुरी ने कहा, माकपा की नीति धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करना और प्रत्येक व्यक्ति के अपने विश्वास को आगे बढ़ाने के अधिकार की रक्षा करना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा और आरएसएस ने एक धार्मिक समारोह को सीधे राज्य प्रायोजित कार्यक्रम में बदल दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और अन्य संवैधानिक पदों पर आसीन लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा, भारत में एक बुनियादी सिद्धांत है कि संविधान के तहत देश की सरकार का कोई धार्मिक संबंध नहीं होना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद ने येचुरी पर निशाना साधा है।

### योजना का लोकार्पण



बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस की युवा निधि योजना को जारी करते सीएम सिद्धारमैया व अन्य नेता।

### कर्नाटक: युवा निधि के लिए पंजीकरण की शुरुआत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने मंगलवार को यहां स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को बेरोजगारी भत्ता की पेशकश करते हुए कांग्रेस की पांचवीं और आखिरी चुनावी गारंटी युवा निधि के लिए पंजीकरण की शुरुआत की। योजना के तहत राशि का वितरण 12 जनवरी से शुरू होगा। योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण होने वाले स्नातकों को 3,000 रुपए और डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**सीटों के बंटवारे पर आगे बढ़ेगी बात**

# कांग्रेस की 'हैं हम तैयार' रैली कल नागपुर में, फूंकेगी चुनावी बिगुल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के टीम में हाल के बदलाव के बाद नागपुर में 28 दिसंबर को रैली आयोजित कर लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। पार्टी यह मेगा रैली 'हैं तैयार हम' थीम पर आयोजित करेगी। इसके साथ ही पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर भी बातचीत आगे बढ़ाएगी। हम सभी लक्ष्य पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना, लोगों को बेरोजगारी और महंगाई से छुटकारा दिलाना हमारा लक्ष्य है।

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने यह संकेत देते हुए कहा है कि हम हाल ही हुई आईएनडीआईए की बैठक में चर्चा की गई सभी बातों को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। इंडिया के घटक दलों के साथ सीटों पर बंटवारे पर बातचीत खुले मन से की जाएगी। उनका कहना था, खुले मन और बंद मुंह से ही हम सीटों के बंटवारे पर बात आगे चलाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की हाल ही हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हम सीट बंटवारे के लिए तैयार हैं और चाहते हैं कि इंडिया के साथी एकजुट और मजबूत हों। उन्होंने कहा, गठबंधन में हम सभी को साथ लेकर चलना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों में सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत को आगे बढ़ाने के संबंध में अलग-अलग चुनौतियां हैं। इसलिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए चर्चा की जानी चाहिए। सीट-बंटवारे की बातचीत चल रही है और यह जारी रहेगी।

हम वह सब कुछ करेंगे जिसे करने की जरूरत है। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग स्थितियां हैं।




### कांग्रेस नेतृत्व की बिहार के नेताओं के साथ मंत्रणा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पार्टी की बिहार इकाई के नेताओं के साथ बैठक की। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस बैठक में बिहार में संगठन की स्थिति, चुनाव तैयारियों और सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में खरगे और राहुल गांधी के अलावा पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और कई अन्य नेता मौजूद थे। बिहार की महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस साझेदार है। महागठबंधन के सभी घटक राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यूनाइटेड), कांग्रेस और वाम दल राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं।

### चुनाव अभियानों में प्रियंका गांधी की प्रमुख भूमिका

रकांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पद से मुक्त किए जाने पर जयराम रमेश ने कहा, मैं किसी व्यक्ति विशेष पर कुछ नहीं कह सकता। हम, हमारी पार्टी और हमारे पार्टी कार्यकर्ता उम्मीद करते हैं कि उनकी भूमिका उतनी ही सक्रिय होगी जितनी छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान के हमारे चुनावी अभियानों में थी। प्रियंका पार्टी की महासचिव हैं।

## जरूरी खबर

### जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में भूकंप के झटके

**जम्मू।** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को तड़के हल्की तीव्रता के भूकंप के दो अलग अलग झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के झटकों से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। दोनों भूकंप का केंद्र लद्दाख के लेह जिले और जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, लद्दाख में सुबह चार बजकर 33 मिनट पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई धरती की सतह से पांच किलोमीटर नीचे थी। तड़के आए भूकंप से करगिल और लेह दोनों जिलों के लोग घबरा गए। भूकंप के कारण कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार देर रात करीब एक बजकर 10 मिनट पर 3.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।

### झारखंड में कोयले से लदे 54 ट्रक जब्त 6 लोग गिरफ्तार



**धनबाद (झारखंड)।** बिहार जा रहे कोयला लदे 50 से अधिक ट्रकों को कोयले की ढुलाई के लिए वैध दस्तावेज नहीं होने के आरोप में झारखंड के धनबाद जिले में जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि लगभग 1,350 टन कोयला ले जा रहे ट्रकों को धनबाद प्रशासन के एक विशेष अभियान के तहत जब्त किया गया। यह अभियान रविवार रात 11 बजे से शुरू होकर सोमवार तड़के साढ़े चार बजे तक चला। जिला खनन कार्य बल ने जी टी रोड पर तोपचाची क्षेत्र में कुल 44 और हरिहरपुर इलाके में 10 ट्रक को जब्त किया।

### पुंछ हमला: 30 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ

**पुंछ/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में पिछले सप्ताह सुरक्षा बलों पर घात लगाकर किए गए हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए दुर्गम इलाकों और घने जंगलों में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान मंगलवार को लगातार छठे दिन भी जारी है। सुरक्षा बलों ने जंगलो में घेराबंदी कर रखी हैं। पिछले कुछ दिनों में 30 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई है और उनमें से कई को छोड़ दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, अभियान में खोजी कुत्ते, निगरानी उपकरण और हवाई तंत्र शामिल हैं।

## प्रशिक्षु अधिकारियों की राष्ट्रपति से मुलाकात



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारतीय लेखा सेवा, भारतीय राजस्व सेवा(सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) और भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया।*

### पीएम मोदी की सऊदी क्राउन प्रिंस से बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी के भविष्य पर बातचीत काफी सौहार्दपूर्ण रही। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर विचारों का आदान-प्रदान किया। आतंकवाद, हिंसा और नागरिकों के जीवन को हो रहे नुकसान पर चिंताओं को साझा किया। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए मिलकर काम करने को लेकर दोनों नेताओं ने सहमति जताई। दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत खासकर इजरायल-हमास संघर्ष पर भी केंदित रही।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र**

# विनेश फोगाट का ऐलान- खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाएंगी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिग्गज पहलवानों का भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध जारी है। महिला पहलवान विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाने की घोषणा की है।

विनेश ने सोशल मीडिया में एक्स पर पोस्ट एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड वापस कर रही हूं। इस हालत में पहुंचाने के लिए ताकतवर का बहुत बहुत धन्यवाद। इसके साथ ही उन्होंने उस पत्र की तस्वीर भी शेयर की है, जो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है।

विनेश से पहले बजरंग पूनिया ने इसी तरह अपना पद्मश्री पुरस्कार वापस लौटाया था। वहीं, साक्षी मलिक पहले ही कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर चुकी हैं। विनेश फोगाट के फैसले पर साथी पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा , मैं निशब्द हूं। यह दिन किसी खिलाड़ी को न देखना पड़े।



### यह कहा विनेश फोगाट ने पत्र में

विनेश फोगाट ने पत्र में लिखा, माननीय प्रधानमंत्री, साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ दी है और बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री लौटा दिया है। आप तो देश के मुखिया हैं तो आप तक भी यह मामला पहुंचा होगा। मैं आपके घर की बेटी विनेश फोगाट हूं और पिछले एक साल से जिस हाल में हूं, यह बताने के लिए आपको यह पत्र लिख रही हू। फोगाट ने आगे लिखा है, मुझे याद है कि 2016 में जब साक्षी मलिक ओलंपिक में पदक जीतकर आई थी तो आपकी सरकार ने उन्हें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर बनाया था। इसकी घोषणा हुई तो देश की हम सारी महिला खिलाड़ी खुश थीं और एक दूसरे को बधाई के संदेश भेज रही थी। आज जब साक्षी को कुश्ती छोड़नी पड़ी तो मुझे 2016 बार-बार याद आ रहा है।

### पूछा सवाल: महिला खिलाड़ी क्या सरकारी विज्ञापनों में छपने के लिए हैं


फोगाट ने सवाल किया कि क्या हम महिला खिलाड़ी सरकार के विज्ञापनों पर छपने के लिए ही बनी हैं। हमें उन विज्ञापनों पर छपने में कोई ऐतराज नहीं है, क्योंकि उसमें लिखे नारे से ऐसा लगता है कि आपकी सरकार बेटियों के उत्थान के लिए गंभीर होकर काम करना चाहती है। मैंने ओलंपिक में पदक जीतने का सपना देखा था, लेकिन अब यह सपना भी धुंधला पड़ता जा रहा है। बस यही दुआ रहेगी कि आने वाली महिला खिलाड़ियों का यह सपना जरूर पूरा हो। आप (पीएम मोदी) अपनी जिंदगी के सिर्फ 5 मिनट निकालकर उस आदमी के मीडिया में दिए गए बयानों को सुन लीजिए, आपको पता लग जाएगा कि उसने क्या- क्या किया है। उसने महिला पहलवानों को असहज कर देने की बात सरेआम टीवी पर बोली हैं।

### हमें देशद्रोही बताया जा रहा है

फोगाट ने कहा कि कई बार इस सारे घटनाक्रम को भूल जाने का प्रयास भी किया, लेकिन इतना आसान नहीं है। सर, जब मैं आपसे मिली तो यह सब आपको भी बताया था। हम न्याय के लिए पिछले एक साल से सड़कों पर रहे, लेकिन कोई हमारी सुध नहीं ले रहा। सर, हमारे मेडलों और अवार्डों को 15 रुपए का बताया जा रहा है, लेकिन ये मेडल हमें हमारी जान से भी प्यारे हैं। जब हम देश के लिए मेडल जीते थे, तो सारे देश ने हमें अपना गौरव बताया। अब जब न्याय के लिए आवाज उठाई तो हमें देशद्रोही बताया जा रहा है। फोगाट ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि क्या हम देशद्रोही हैं? हर महिला सम्मान से जिंदगी जीना चाहती है। इस कारण मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड आपको वापस करना चाहती हूं।

**ब्लैक होल व न्यूट्रान तारों पर होगी रिसर्च**

## 1 जनवरी को ISRO लॉन्च करेगा पहला पोलरिमेट्री मिशन



एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा और सूरज के बाद अब सौरमंडल के राज जानने के लिए एक नया मिशन लॉन्च कर रहा है।सके लिए इसरो अगले साल 1 जनवरी को देश का पहला पोलरिमेट्री सैटेलाइट (एक्सपोसैट) का प्रक्षेपण करेगा। यह लॉन्चिंग सतीश धवन स्पेस सेंटर श्रीहरिकोटा से सुबह 9.10 बजे होगी। इसमें पीएसएलवी-सी58 के साथ एक्स-रे पोलरिमेट्री सैटेलाइट को भेजा जाएगा। यह सैटेलाइट एक्स किरणों का डेटा एकत्र करके ब्लैक होल और न्यूट्रॉन तारों का अध्ययन करेगा। आदित्य एल1 और एस्ट्रोसैट के बाद एक्स-रे पोलरिमेट्री सैटेलाइट अंतरिक्ष में स्थापित होने वाली तीसरी ऑब्जर्वेटरी होगी। यह भारत का पहला और 2021 में लॉन्च नासा के इमेजिंग एक्स-रे पोलरिमेट्री एक्सप्लोरर के बाद दुनिया का दूसरा पोलरिमेट्री मिशन भी है।

एक्स-रे पोलरिमेट्री सैटेलाइट का लक्ष्य ब्रह्मांड के 50 सबसे चमकीले स्रोतों का अध्ययन करना है। इनमें पल्सर, ब्लैक होल एक्स-रे बायनरिज, एक्टिव गैलेक्टिक न्यूक्लि, न्यूट्रॉन स्टार्स और नॉन-थर्मल सुपरनोवा के बचे हुए हिस्से शामिल हैं। इस सैटेलाइट को 500-700 किमी की पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। जहां रहकर यह 5 साल तक डेटा एकत्र करेगा। इसे यूआर राव सैटेलाइट सेंटर और रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बनाया है।

**डीपफेक को लेकर सरकार की एडवाइजरी जारी**

## सोशल मीडिया करे IT नियमों का पालन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को आईटी नियमों का पालन करने के लिए सलाह जारी की है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि आईटी नियमों के तहत ऐसी सामग्री के बारे में उपयोगकर्ताओं को स्पष्ट एवं सटीक ढंग से सूचित किया जाना चाहिए, जिनकी अनुमति नहीं है। उपयोगकर्ता के पहली बार पंजीकरण करने के समय भी इसके बारे में स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को नियमों का पालन करना होगा।

यह सलाह आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर द्वारा मध्यस्थों के साथ की गई चर्चा के बाद जारी की गई है। ये निर्देश खास तौर पर एआई और डीपफेक की मदद से गलत सूचना के प्रसार को लेकर चिंताओं से संबंधित हैं। डीपफेक का आशय इंटरटनेट पर उपलब्ध सामग्री में छेड़छाड़ कर उसे गलत ढंग से पेश करना है। इसमें कृत्रिम मेधा के जरिए किसी भी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करने या उसका प्रतिरूपण करने के लिए डिजिटल हेराफेरी की जाती है।



## सुनामी को 19 बरस: दिवंगतों को किया याद



***चेन्नई।** वर्ष 2004 में 26 दिसंबर को तमिलनाडु में आई सुनामी की 19 वीं बरसी पर सुनामी में प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने मेरीना तट की ओर जाते मछुआरा समुदाय के लोग।*

**वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी**

# सिख गुरुओं ने अपनी भूमि के गौरव के लिए जीना सिखाया: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सिख गुरुओं ने भारतीयों को अपनी भूमि के गौरव के लिए जीना सिखाया और देश को बेहतर व विकसित बनाने के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य किया है।

गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों की शहादत की याद में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि आज का भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है और आज के भारत को अपने लोगों पर, अपने सामर्थ्य पर, अपनी प्रेरणाओं पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया, तब तक दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हम अपनी विरासत पर गर्व कर रहे हैं, तो दुनिया का भी नजरिया बदला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत को अवसरों की भूमि के रूप में देख रही है और देश वैश्विक चुनौतियों को हल करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। भारत हर क्षेत्र में गर्व के साथ खड़ा है, चाहे वह अर्थव्यवस्था हो, विज्ञान हो, अनुसंधान हो या खेल हो।



### युवाओं के सपने पूरे करने का रोडमैप

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पास भारत के युवाओं के असीमित सपनों को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण और रोडमैप है, चाहे वे किसी भी क्षेत्र और समाज में पैदा हुए हों। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल युवाओं के लिए बहुत सारे अवसर लेकर आएंगे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि का हवाला देते हुए कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति है और उसकी नीयत में कोई खोट नहीं है।

### विकसित भारत का स्वरूप करें तय

पीएम ने कहा कि यह युवाओं को तय करना है कि 2047 में विकसित भारत क्या आकार लेगा और सरकार हमेशा एक दोस्त की तरह उनके साथ खड़ी है। हमें एक पल भी बर्बाद नहीं करना है।

### क्यों मनाया जाता है वीर बाल दिवस

वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। पिछले वर्ष जनवरी प्रधानमंत्री ने इसकी घोषणा की थी।

### युवा फिट तो कॅरियर सुपर हिट

प्रधानमंत्री ने युवाओं से अपने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि जब वे फिट होंगे तो अपने करियर और जीवन में सुपर हिट होंगे। उन्होंने उनसे अच्छा आहार लेने और नशीले पदार्थों के उपयोग से दूर रहने के लिए कहा। मोदी ने धार्मिक नेताओं और सामाजिक संगठनों से नशे के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की अपील की। मोदी ने युवाओं के एक मार्च-पास्ट को भी रवाना किया।

### वैज्ञानिकों ने विकसित की 'इलेक्ट्रॉनिक' मिट्टी

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने विद्युत सुचालक एक ऐसी 'मिट्टी' विकसित की है जिससे औसतन 15 दिन में जौ के पौधों की 50 प्रतिशत अधिक वृद्धि हो सकती है। मिट्टी रहित खेती की इस विधि को हाइड्रोपोनिक्स के रूप में जाना जाता है। इस विधि में ऐसी जड़ प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है जिसे खेती के नए 'सब्सट्रेट' (ऐसा पदार्थ या सतह जिस पर कोई पौधा बढ़ता है) के माध्यम से विद्युत रूप से उत्तेजित किया जाता है। स्वीडन स्थित लिंकोपिंग विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर एलेनी स्तावरिनिडौ ने कहा, दुनिया की आबादी बढ़ रही है और जलवायु परिवर्तन भी हो रहा है।

# अयोध्या से पधारे रामलला

## जयपुर में होगी विशाल आरती एवं रामाभिषेकम्

**प्राण प्रतिष्ठा कर बनवाया जाएगा भगवान रामलला का भव्य मंदिर**

**ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा लेकर आए विग्रह**

बेधड़क | जयपुर

'सच बेधड़क' के कार्यालय में मंगलवार को अयोध्या से लाए गए रामलला के अष्टधातु के बाल स्वरूप और बाल हनुमान विग्रह की स्थापना की गई। 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ यह सिद्ध विग्रह लेकर शाम को अयोध्या से जयपुर पहुंचे। ढोल नगाड़ों के साथ जय श्रीराम के जयकारों के बीच रामलला और हनुमान के विग्रह को ऑफिस में लाया गया। इस दौरान पूरा स्टाफ जयकारे लगाते हुए रामलला पर पुष्प वर्षा कर रहा था। विनायक शर्मा ने 'सच बेधड़क' के कार्यालय में विग्रह की स्थापना की। उन्होंने बताया कि वे चार दिन से अयोध्या दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने वहां रामलला के दरबार में शीश नवाया और सरयू तट पर सरयू आरती की और हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। विनायक शर्मा ने बताया कि अयोध्या से यह अष्टधातु का रामलला का सिद्ध विग्रह और बाल हनुमान विग्रह पूजा-अर्चना के बाद जयपुर लाया गया है।



फोटो: पंकज शर्मा





















पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 27 दिसंबर, 2023


हृदय पहचानने के लिए हृदय चाहिए, चेहरे पर की दो आँखों से ही काम नहीं चल सकता।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### हमास नेता सिनवार ने 7 अक्टूबर के बाद से पहली बार दिया बयान

# इजराइल के सामने पस्त हुआ हमास!





**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा में 80 से ज्यादा दिनों से इजराइल तबाही मचा रहा है। हमास ने दावा किया था कि वह कई महीने तक इजराइल से युद्ध लड़ सकता है। हमास ने सुरंगों में हथियार और राशन भी जमा कर रखा था। हालांकि अब लगता है कि हमास के पैर उखड़ने लगे हैं। हमास के नेता याह्या सिनवार ने 7 अक्टूबर के बाद से पहली बार बयान दिया है। सिनवार ने कहा कि हमास एक अप्रत्याशित युद्ध का सामना कर रहा है। माना जाता है कि इजराइल पर हुए हमास के हमले का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार ही था। सिनवार ने कहा कि हमास एक भयंकर और अप्रत्याशित युद्ध लड़ रहा है। इजराइली सेना गाजा पर कब्जा करने की फिराक में है। सिनवार ने कहा कि इजराइल की सेना को भारी नुकसान हुआ है। सिनवार ने दावा किया है कि हमास ने हजार से ज्यादा इजराइली सैनिकों को मारा है। वहीं इजराइल की सेना का कहना है कि उसके 156 सिपाही गाजा में मारे गए हैं। उधर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कई देशों ने समझाने की कोशिश की। बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा कि जब तक हमास का खात्मा नहीं हो जाता, युद्ध विराम नहीं होगा।

### कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं

तेल अवीव के मुताबिक याह्या सिनवार हमास का गाजा में सबसे बड़ा नेता है। उसने गाजा में इजराइली सेना को कुचलने की कसम खा रखी है। एजिप्ट की तरफ से इजराइल और हमास के बीच समझौते के लिए प्रस्तावित बातों पर सिनवार ने कहा कि कब्जे को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पोलैंड और अमेरिका की बढ़ी चिंता

# परमाणु हथियारों को रूस ने भेजे बेलारूस

**एजेंसी** | ताल्लिन

बेलारूस के राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि रूस ने उनके देश के लिए सामरिक परमाणु हथियारों की पूरी खेप भेज दी है। इस घोषणा ने पड़ोसी देश पोलैंड और क्षेत्र में अन्य जगहों पर चिंता बढ़ा दी है।

सेंट पीटर्सबर्ग में मॉस्को के नेतृत्व वाले आर्थिक मंच की एक बैठक में बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने बताया कि खेप की आपूर्ति अक्टूबर में पूरी हो गई, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने हथियार भेजे गए या इन्हें कहां तैनात किया गया है।


युद्ध के मैदान में उपयोग किए जाने वाले ये सामरिक परमाणु आयुध लंबी दूरी की मिसाइलों में लगाए जा सकने वाले अधिक शक्तिशाली परमाणु आयुध की तुलना में कम दूरी की मारक क्षमता वाले हैं। रूस ने कहा कि वह बेलारूस को भेजे गए हथियारों पर नियंत्रण बनाए रखेगा।

लुकाशेंको ने कहा कि उनके देश में रूसी परमाणु हथियारों की आपूर्ति का मकसद उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य पोलैंड की आक्रामकता को रोकना है। पोलैंड रूस के साथ युद्धरत यूक्रेन को सैन्य, मानवीय और राजनीतिक समर्थन दे रहा है।



### रूस के रक्षा मंत्रालय ने दिया बयान

## यूक्रेनी बलों के हमले से रूसी पोत क्षतिग्रस्त



**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेनी बलों के हवाई हमले से क्रीमिया में रूसी नौसेना का एक पोत क्षतिग्रस्त हो गया। मंत्रालय ने कहा कि फियोदोसिया शहर में स्थित बंदरगाह पर खड़े पोत 'नोवोचेरकास्क' को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। इसने कहा कि हमले के दौरान यूक्रेन के दो लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया गया। पोत कितनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ, इसकी तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। हालांकि, यूक्रेन के चैनलों पर प्रसारित वीडियो में बंदरगाह क्षेत्र में भीषण आग लगी देखी जा सकती है। यूक्रेनी वायु सेना के कमांडर मैकोला ओलेस्चुक ने तंज करते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि रूसी सेना का बेड़ा और छोटा हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, रूसी लोग क्रीमिया छोड़ दें। यूक्रेनी वायु सेना ने लड़ाकू विमानों को नुकसान के संबंध में कोई जानकारी साझा नहीं की है।

### कभी थे ऑस्ट्रेलिया के तट से दूर हजारों घर

## वैज्ञानिकों ने खोजी सालों पहले डूबी कॉलोनी

**एजेंसी** | केनबरा

वैज्ञानकों ने एक ऐसी जगह की वैज्ञानिकों ने खोज की है, जो कभी ऑस्ट्रेलिया के तट से दूर हजारों लोगों का घर थी। क्वाटरनेरी साइंस रिव्यूज में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, साहुल के उत्तर-पश्चिमी शेल्फ पर मानव जीवन और कलाकृतियों के कई अहम सुराग खोजे गए हैं। ये किम्बर्ली के उत्तरी क्षेत्र के तट पर न्यू गिनी से जुड़ी जमीन के टुकड़े के पास है। इस जगह को लेकर वैज्ञानिकों का दावा है कि ये प्राचीन ऑस्ट्रेलिया की एक कॉलोनी थी और यहां कभी एक बड़ी आबादी रहती थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस जमीन का टुकड़े पर प्राचीन समय में एक शानदार इको सिस्टम मौजूद था, जो 2.5 मिलियन साल पहले के अंतिम प्लेइस्टोसिन काल में



अस्तित्व में था। ये जलमग्न भू-भाग 250,000 वर्ग मील क्षेत्र में फैला हुआ था, जो ब्रिटेन के आकार का 1.6 गुना था।

महाद्वीपीय शेल्फ, जिसे कभी रेगिस्तान माना जाता था, नदियों और झरनों, खारे पानी की झीलों के साथ-साथ एक बड़े अंतर्देशीय समुद्र से भरा हुआ था। जो लगभग 50 हजार और 5 लाख लोगों का घर था। वैज्ञानिकों के अनुसार, देश के आज के विशाल द्वीप में बदलने से पहले शेल्फ ने लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया तक पहुंचने के लिए एक पुल के रूप में भी काम किया होगा।

### समुद्र का स्तर बढ़ने से डूब गया महाद्वीपीय शेल्फ

हजारों साल पहले इस जगह के डूबने की वजह समुद्र का जल स्तर बढ़ना था। शेल्फ का लगभग आधा हिस्सा 12 हजार से 9 हजार साल पहले डूब गया था, जो तेजी से बढ़ते समुद्र के स्तर के दो चरणों में से पहला था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे जो लोग महाद्वीपीय शेल्फ पर एक द्वीपसमूह में फंसे हुए थे, वे वालेसिया के पहले समुद्री खोजकर्ता बन गए, जिन्होंने अपनी समुद्री अर्थव्यवस्थाओं के लिए साहुल के विशाल स्थलीय महाद्वीप के अनुकूल एक परिचित वातावरण तैयार किया। वैज्ञानिक कॉलोनी के खोए हुए इतिहास को उजागर करने के लिए काम कर रहे हैं और भूदृश्यों के पुरापाषाण काल के पुनर्निर्माण की योजना बना रहे हैं। अध्ययन में कहा गया है कि अब जलमग्न महाद्वीपीय किनारों ने स्पष्ट रूप से दुनिया भर में प्रारंभिक मानव विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बाइडेन ने मिलिशिया समूहों पर दिया हमले का आदेश

**एजेंसी** | वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने उत्तरी इराक में ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों के घायल होने के बाद ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों के खिलाफ जवाबी हमले का आदेश दिया है।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि सोमवार को हुए हमले में एक अमेरिकी सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। ईरान समर्थित मिलिशिया 'कतैब हिजबुल्ला' और इससे संबद्ध समूहों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली।

अमेरिकी राष्ट्रपति को हमले की सूचना दी गई। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन को जवाबी कार्रवाई का विकल्प अपनाने का आदेश दिया। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और राष्ट्रीय सुरक्षा दल ने तुरंत योजना बनाई। बाद में बाइडेन ने कतैब हिजबुल्ला और इससे संबद्ध समूहों द्वारा उपयोग किए जाने वाले तीन स्थानों पर हमले का निर्देश दिया। अमेरिकी सैनिकों पर हाल में हुआ हमला, सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद से क्षेत्र में अमेरिकी बलों के खिलाफ बढ़ती धमकियों के बाद हुआ है। अमेरिका ने इस सबके लिए ईरान को दोषी ठहराया है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

**“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए**

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl